दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा

• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///

वर्ष : 12 | अंक : 25 टोंक | शुक्रवार,30 अगस्त, 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष द्वादशी संवत्-2081 भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## जेडीसी और जेडीए सचिव को हाई कोर्ट से राहत

### हाई कोर्ट ने उपभोक्ता आयोग द्वारा जारी वारंट पर लगाई रोक, आयोग ने गिरफ्तारी वारंट से किया था तलब



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जेडीसी मंजू राजपाल और जेडीए सचिव हेमपुष्पा शर्मा को हाई कोर्ट से राहत मिल गई हैं। जस्टिस अनिल उपमन की अदालत ने जिला उपभोक्ता आयोग जयपुर-चतुर्थ द्वारा जारी वारंट पर रोक लगा दी हैं। उपभोक्ता आयोग ने जेडीए सचिव हेमपुष्पा शर्मा को गिरफ्तारी वारंट और जेडीसी मंजू राजपाल को जमानती वारंट से तलब किया था। आयोग के आदेश के खिलाफ दोनों अधिकारी हाई कोर्ट पहुंची थी। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों को अंतरिम राहत दी हैं।

### 11 साल में भी आयोग के आदेश की नहीं की थी पालना

दरअसल, परिवादी शंभूदयाल के प्रार्थना पत्र पर जिला उपभोक्ता आयोग ने 26 जुलाई 2013 को जेडीए पर 25 हज़ार का जुर्माना लगाते हुए परिवादी को पृथ्वीराज नगर (पीआरएन) में भूखंड का कब्ज़ा देने का निर्देश दिया था। लेकिन जेडीए ने आदेश की पालना करने की बजाए, पहले राज्य उपभोक्ता आयोग और बाद में राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग में फैसले को चुनौती दी। लेकिन दोनों जगह से जेडीए हारा और जिला उपभोक्ता आयोग का फैसला बरकरार रहा। इसके बाद जेडीए ने आयोग के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की। जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज़ कर दिया। लेकिन इसके बाद भी जेडीए ने जिला उपभोक्ता आयोग के आदेश की पालना नहीं की। इस पर आयोग ने जेडीए सचिव और जेडीसी को वारंट से तलब किया था।

## 12 देशों के एयर चीफ आएंगे जोधपुर

### तेजस-सुखोई के साथ एक-दूसरे देश के फाइटर प्लेन उड़ाएंगे; एयरफोर्स का सबसे बड़ा अभ्यास तरंग-शक्ति



जोधपुर (बढ़ता राजस्थान)

भारतीय वायु सेना का सबसे बड़ा अभ्यास तरंग-शक्ति शुक्रवार से जोधपुर में होने जा रहा है। इस एक्सरसाइज में 7 देशों के वायुसेना के जवान मौजूद रहेंगे। वहीं 12 देशों के एयर चीफ भी शामिल होंगे। वे एक-दूसरे देश के लड़ाकू विमान में उड़ान भरेंगे। इस एक्सरसाइज में तेजस, सुखोई के साथ जर्मन और स्पेन एयरफोर्स के फाइटर जेट अपनी ताकत दिखाएंगे। गुरुवार को जोधपुर एयरबेस पर अलग-अलग देशों के फाइटर जेट और उनके अधिकारी पहुंचे। ये एक्सरसाइज 30 अगस्त से 14 सितंबर तक चलेगी।

### जापान और अमेरिका समेत कई देशों के वायुसेना के अधिकारी लेंगे हिस्सा

तरंग-शक्ति 2024 का ये दूसरा फेज है। इससे पहले 6 से 14 अगस्त तक तमिलनाडु के सुलार में इसका पहला फेज पूरा हुआ था। इसमें 30 देशों के वायुसेना के जवान शामिल हुए थे। जोधपुर में हो रही इस एक्सरसाइज के दूसरे चरण में भारत, जापान, अमेरिका, ग्रीस, यूएई और हंगरी वायुसेना का दल हिस्सा ले रहा है। इसमें तेजस, सुखोई के साथ लूफ्तवाफे जर्मन एयरफोर्स, स्पेनिश एयरफोर्स के यूरोफाइटर टाइफून एक्सरसाइज में उड़ान भरेंगे। तरंग शक्ति की मेजबानी करके भारत सैन्य मजबूती और ताकत के साथ सुरक्षा ग्लोबल डिफेंस इको सिस्टम में भागीदारी निभाने का संदेश देगा। इंटर ऑपरेटीबिलिटी के साथ इंटेरिगेशन को बढ़ावा मिलेगा। इस एक्सरसाइज से दुश्मन देश को कड़ी चेतावनी मिलेगी।

### 12 देशों के एयर चीफ आएंगे जोधपुर


12 सितंबर को 12 देशों के एयर चीफ जोधपुर आएंगे। पहली बार जोधपुर के आसमान में दुनिया की सबसे शक्तिशाली अमेरिकी एयरफोर्स चीफ जनरल डेविड डब्ल्यू एल्विन तेजस उड़ाएंगे। इसके अलावा ऑस्ट्रेलियन एयरफोर्स चीफ एयर मार्शल स्टीफन चैपल, जापानी एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स के चीफ जनरल हिरोआकी उच्कुरा, यूएई डिफेंस फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल इस्सा अल मजरूई और भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर मार्शल वीआर चौधरी एक-दूसरे देश के लड़ाकू विमान उड़ाएंगे।

### राज्य स्तरीय पुलिस अधिकारियों का सम्मेलन

# कानून व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश की 8 करोड़ जनता का पुलिस पर विश्वास है तथा यह महकमा इसी विश्वास को कायम रखते हुए राज्य में अपराध को नियंत्रित कर रहा है जिससे राजस्थान के शांति प्रिय राज्य के दर्जे को दोबारा कायम किया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने शुरू से ही कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है तथा आगे भी आमजन की अपेक्षा के अनुरूप पुलिस तंत्र को और मजबूत बनाया जाएगा जिससे कानून व्यवस्था सुदृढ़ तथा मजबूत बन सकें। शर्मा गुरूवार को राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय पुलिस अधिकारियों के सम्मेलन के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर इस वर्ष जयपुर में जनवरी में आयोजित हुए अखिल भारतीय डीजीपी-आईजीपी कॉन्फ्रेंस की देश भर में तारीफ की गई। इस कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों की पूर्ण पालना एवं समयबद्ध रूप से मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। इसी दिशा में आज आयोजित हो रहे इस सम्मेलन से प्रदेश में पुलिसिंग की कार्यप्रणाली बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार द्वारा गठन के अगले दिन ही एंटी गैंगस्टर टॉस्क फोर्स तथा पेपर लीक प्रकरणों को रोकने के लिए एसआईटी का गठन जैसे निर्णय यह दर्शाते है कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था का इकबाल बुलंद करने के लिए प्रतिबद्ध है।





### भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अपराध का स्वरुप बदल गया है साइबर क्राइम से लेकर संगठित अपराध जैसी चुनौतियों का सामना करते हुए पुलिस को अधिक सशक्त बनकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा प्रदेश में ऑपरेशन एंटीवायरस के तहत साइबर क्राइम को रोकने के लिए अच्छा काम किया जा रहा है। इसे तेज गति देते हुए साइबर क्राइम को पूर्ण समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं में नशे की प्रवृति पर रोकथाम अति आवश्यक है। साथ ही भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए पुलिस निष्पक्ष एवं ईमानदारी से काम करें।

### अपराधियों पर शिथिलता बरतने वाले पुलिसकर्मियों को किया जाएगा चिन्हित

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस राज्य का सबसे महत्वपूर्ण तंत्र होता है तथा कोई भी राज्य बिना दंड के नहीं चल सकता लेकिन दंड की परिभाषा सुनिश्चित करनी पडेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कार्मिकों को पुरस्कार तथा अपराधियों पर शिथिलता बरतने वाले पुलिसकर्मियों को चिन्हित करेगी। उन्होंने कहा कि महिला अपराध को कम करने एवं महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएं। उन्होंने आश्वस्त किया कि पुलिस विभाग को किसी भी तरह के साधन-संसाधन में कमी नहीं होने दी जायेगी। साथ ही, पुलिस महकमे में महिला संख्या बल को बढ़ाया जायेगा तथा पुलिस भर्ती की जायेगी।

कार्यक्रम मे गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए राजस्थान पुलिस सदैव तत्पर रहती है। राज्य को 'अपराध मुक्त राजस्थान' बनाने के लिए पुलिस निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पुलिस विभाग का मनोबल ऊंचा है तथा मुख्यमंत्री सदैव विभाग को प्रोत्साहित करते रहते है।

इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि अपराध नियंत्रण में राजस्थान जिस गति से कार्य कर रहा है उससे देश मे प्रदेश की अच्छी छवि बनी है। उन्होंने अपराध नियंत्रण के लिए परम्परागत पुलिसिंग को भी बढ़ावा देने तथा नये कानूनां के प्रशिक्षण के लिए पुलिस कार्मिकों को आइगोट मिशन कर्मयोगी जैसे डिजीटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू ने बताया कि दो दिवसीय राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन में 'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस- द वे फॉरवर्ड' थीम पर दर्जनभर सत्र आयोजित होंगे। इनमें न्यू क्रिमिनल लॉ, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स, डीप फेक, साइबर सिक्योरिटी, मादक पदार्थों की स्मगलिंग की रोकथाम जैसे सत्रों का आयोजन किया जायेगा। इससे बेहतर पुलिसिंग का रोडमैप तैयार होगा।

कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनन्द कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने परिसर में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ पुलिस अधिकारियों ने ग्रुप फोटो भी लिया। इस अवसर पर अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, प्रशिक्षण मालिनी अग्रवाल, अतिरिक्त महानिदेशक, कानून व्यवस्था विशाल बंसल सहित राज्यभर से पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा जिलों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जिलों के पुलिस अधीक्षक जुड़े।

## राहुल ने लिखा : भारत डोजो यात्रा कमिंग सून

### मार्शल आर्ट का वीडियो शेयर कर कहा- युवा इससे जुड़ें, उनमें हिंसा नहीं, जेंटलनेस हो

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )** राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा का एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वे जिउ-जित्सु (मार्शल आर्ट का एक फॉर्म) करते दिखाई दे रहे हैं। ट्वीटर पर की गई पोस्ट के आखिर में उन्होंने लिखा है- भारत डोजो यात्रा, कमिंग सून। डोजो यानी मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग सेंटर या स्कूल, जहां सेल्फ डिफेंस के लिए अलग-अलग मार्शल आर्ट के फॉर्म सिखाए जाते हैं। इस पोस्ट से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि राहुल जल्द ही सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग के लिए कोई पहल करने वाले हैं।

### राहुल ने लिखा- जिउ-जित्सु फिट रहने का तरीका

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान, जब हम हजारों किलोमीटर की यात्रा कर रहे थे, तो हमारे कैम्प में हर शाम जिउ-जित्सु प्रैक्टिस का रूटीन था। यह फिट रहने का एक सीधा सा तरीका था। लेकिन यह जल्दी ही एक कम्युनिटी एक्टिविटी में बदल गया। हम जिस शहर में रुकते वहां यात्रा में शामिल लोग और उन शहरों के यंग मार्शल आर्ट स्टूडेंट्स शामिल होते थे। हमारा मकसद इन युवाओं को इस जेंटल आर्ट की खूबसूरती बताना था। मेडिटेशन, जिउ-जित्सु, आइकिडो और नॉन वॉइलेंट टेक्नीक्स का कॉम्बिनेशन है। हम चाहते थे कि हिंसा की जगह उनमें जेंटलनेस हो, जिससे उन्हें अधिक दयालु और सुरक्षित समाज बनाने में मदद मिल सके। इस राष्ट्रीय खेल दिवस पर मैं आप सभी से अपना अनुभव शेयर करना चाहता हूं, उम्मीद है कि आप में से कुछ लोग जेंटल आर्ट की प्रैक्टिस के लिए इंस्पायर होंगे। भारत डोजो यात्रा जल्द ही आ रही है। डोजो एक तरह के मार्शल आर्ट के ट्रेनिंग स्कूल हैं। ऐसी जगह जहां लोग जूडो, कराटे या किसी दूसरे मार्शल आर्ट की प्रैक्टिस करते हैं। जापानी भाषा में डोजो का मतलब है- जाने का रास्ता। सबसे शुरुआती डोजो बौद्ध मंदिरों के अंदर बने होते थे।



### आइकिडो में ब्लैक बेल्ट और जिउ-जित्सु में ब्लू बेल्ट हैं राहुल गांधी

वीडियो में राहुल गांधी बच्चों को बताते हुए नजर आ रहे हैं कि वे आइकिडो में ब्लैक बेल्ट और जिउ-जित्सु में ब्लू बेल्ट हैं। कांग्रेस के ट्वीटर पर 2017 में की गई एक पोस्ट के मुताबिक, राहुल को आइकिडो की कम से कम 130 टेक्नीक आती है। आइकिडो के 9 लेवल होते हैं। हर लेवल में ब्लैक बेल्ट होता है। राहुल ने लेवल-1 में ब्लैक बेल्ट हासिल किया है। यह नॉन अग्रेसिव गेम है। इसकी चैम्पियनशिप नहीं होती।

## दिल्ली हाईकोर्ट से ब्रजभूषण को राहत नहीं, यौन शोषण केस में एफआईआर

गोंडा(एजेंसी)



बृजभूषण सिंह को दिल्ली हाई कोर्ट से फिलहाल कोई राहत नहीं मिली हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने बृजभूषण के वकील से मामले में एक शार्ट नोट कोर्ट में जमा करने को कहा है। दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण की याचिका की मेंटेनेबिलिटी पर सवाल उठाया गया। 26 सितंबर को मामले में अगली सुनवाई होगी। हाई कोर्ट ने कहा कि आप मामले में चार्ज फ्रेम होने के बाद कोर्ट क्यों आए। बृजभूषण के वकील ने कहा कि मामले में 6 शिकायतकर्ता है, एफआईआर दर्ज कराने के पीछे एक हिडन एजेंडा है। बृजभूषण के वकील ने कहा- सभी घटनाएं अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग समय पर हुई हैं। ट्रायल के दौरान अब तक अभियोजन पक्ष के दो गवाहों के बयान दर्ज हो चुके हैं। अब यौन उत्पीड़न की शिकार पीड़िताओं के भी बयान दर्ज करने को लेकर नोटिस जारी की गई है। 10 सितंबर को पूरे मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में अगली सुनवाई होगी। सुनवाई में महिला पहलवानों के 10 सितंबर, 12 सितंबर और 13 सितंबर को एक अलग कमरे में राऊज एवेन्यू कोर्ट की एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत द्वारा बयान रिकॉर्ड किया जाएगा।

## ट्रांसजेंडर आईडी कार्ड पैन एप्लीकेशन के लिए वैध होगा

### केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया; इससे थर्ड जेंडर्स को आधार लिंक करवाने में आसानी होगी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्र सरकार ने पैन कार्ड एप्लीकेशन के लिए ट्रांसजेंडर पर्सन्स एक्ट 2019 के तहत जारी पहचान प्रमाण पत्र (आइडेंटिटी कार्ड) को वैधता दे दी है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट यह जानकारी दी है। अब ट्रांसजेंडर अपने जेंडर आईडी कार्ड से पैन के लिए अप्लाई कर सकेंगे। इससे उन्हें पैन और आधार लिंक करवाने में आसानी होगी।

दरअसल, एक ट्रांसजेंडर रेशमा प्रसाद ने 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दायर की थी। इसमें केंद्र से आधार कार्ड की तरह पैन कार्ड पर तीसरे जेंडर की अलग कैटेगरी का ऑप्शन देने के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी, ताकि ट्रांसजेंडर पैन और आधार को लिंक करवा सकें। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को ट्रांसजेंडर पर्सन्स (प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स) एक्ट 2019 के तहत जारी किए गए पहचान पत्र और जेंडर चेंज सर्टिफिकेट को पैन कार्ड आवेदन के लिए वैध डॉक्युमेंट मानने का सुझाव दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने बताया है कि केंद्र ने उसके सुझाव को मान लिया है।

### सरकार ने ट्रांसजेंडर्स की सभी मांगें मानी



सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने बताया कि याचिका के लंबित रहने के दौरान हमने सरकार से जवाब मांगा था। अब सरकार ने बताया है कि उन्होंने याचिका में उठाई सभी मांगों को स्वीकार कर लिया है। अब ट्रांसजेंडर पर्सन्स (प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स) एक्ट 2019 की धारा 6 और 7 के तहत जारी किया जाने वाला सर्टिफिकेट मंजूर होगा। यह जिला मजिस्ट्रेट की ओर से जारी किया जाता है।

### एक्टिविस्ट ट्रांसजेंडर रेशमा ने पैन कार्ड में थर्ड जेंडर कैटेगरी की मांग की थी

बिहार की सोशल एक्टिविस्ट ट्रांसजेंडर रेशमा प्रसाद ने केंद्र सरकार से पैन कार्ड पर एक अलग थर्ड जेंडर कैटेगरी ऑप्शन देने की मांग की थी। ताकि ट्रांसजेंडर इसे आधार कार्ड से लिंक करके सटीक पहचान प्रमाण पत्र बना सकें। उन्होंने कोर्ट को बताया कि वह पैन को आधार से लिंक नहीं करवा पा रही हैं, क्योंकि उसमें थर्ड जेंडर का विकल्प नहीं है। रेशमा ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने 2012 में पुरुष लिंग पहचान कैटेगरी का चयन करते हुए पैन के लिए आवेदन किया था। साल 2015-16 और 2016-2017 का टैक्स रिटर्न पुरुष कैटेगरी में किया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आधार सिस्टम में थर्ड जेंडर कैटेगरी को भी शामिल किया गया। हालांकि, रेशमा पैन कार्ड बनवाते समय ऐसा नहीं कर पा रही थीं। ट्रांसजेंडर पर्सन्स (प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स) एक्ट संसद में 2019 में पारित हुआ था।




## सम्पादकीय

### हरियाणा में बिछ गई चुनावी बिसात

पिछली बार 'किंगमेकर' रही जजपा के आजाद समाज पार्टी (आसपा) से गठबंधन के साथ ही हरियाणा में चुनावी बिसात बिछ चुकी है। इनैलो और बसपा के बीच पहले ही गठबंधन हो चुका है। इनैलो-बसपा में 53-37 का सीट बंटवारा हुआ तो जजपा-आसपा में 70-20 का हुआ है। जाहिर है, यह देवीलाल परिवार में शक्ति-प्रदर्शन भी है, पर अब 'आप' के पास अकेले चुनाव मैदान में उतरने के अलावा कोई विकल्प नहीं। वैसे हरियाणा में सत्ता की जंग दरअसल 'हैट्रिक' करने और उससे बचने की जंग ही होगी। दूसरा शासनकाल पूरा कर रही भाजपा सत्ता की 'हैट्रिक' करना चाहेगी, जबकि 10 साल से सत्ता से वनवास झेल रही कांग्रेस अपनी पराजय की 'हैट्रिक' से बचना चाहेगी। बाकी दलों की भूमिका एक-दो सीट जीत कर या 2-4 प्रतिशत वोट काट कर इस जंग को दिलचस्प बनाने की रहेगी। हरियाणा की राजनीति दशकों तक 3 चर्चित लालों बंसीलाल, देवीलाल और भजनलाल के इर्द-गिर्द घूमती रही। देवीलाल और बंसीलाल के दलों से गठबंधन में भाजपा जिस हरियाणा में राजनीति करती रही, उसी में दस साल से सत्ता पर काबिज होना छोटी उपलब्धि नहीं। आज तीनों चर्चित लाल-परिवार के कुछ सदस्य भी भाजपा का झंडा उठाए हुए हैं। 2014 में इनैलो ने 19 सीटों के साथ मुख्य विपक्षी दल का दर्जा हासिल किया था, जबकि 10 साल से सत्तारूढ़ कांग्रेस तीसरे स्थान पर फिसल गई थी, लेकिन 2019 आते-आते सब कुछ बदल गया।

देवीलाल परिवार में विभाजन से जजपा जन्मी और इनैलो में ऐसी भगदड़ मची कि कांग्रेस को मुख्य विपक्षी दल का दर्जा मिल गया। अब 2024 के विधानसभा चुनाव से पहले जजपा में भी वैसी ही भगदड़ है। 10 में 6 विधायक उसे अलविदा कह चुके हैं। कभी भी यह संख्या 7 हो सकती है। हाल के लोकसभा चुनाव में जजपा उम्मीदवार जमानत तक नहीं बचा पाए, जबकि 10 में से 5 लोकसभा सीटें जीत कर कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन किया। विधानसभा क्षेत्रों की दृष्टि से देखें तो कांग्रेस ने कुल 90 में से 46 में बढ़त हासिल की, जबकि भाजपा ने 44 में। फिर भी हर चुनाव और उसके मुद्दे अलग होते हैं। 2019 में ही भाजपा ने लोकसभा की सभी 10 सीटें जीतीं, लेकिन चंद महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में 46 सीटों का बहुमत का आंकड़ा भी नहीं छू पाई और 10 सीटें जीतने वाली नई-नवेली जजपा की सत्ता में भागीदारी की लॉटरी खुल गई। इसलिए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 46 विधानसभा क्षेत्रों में मिली बढ़त को ज्यादा भाव नहीं दिया जाना चाहिए। चुनाव से पहले होने वाले दलबदल का लाभ भाजपा और कांग्रेस, दोनों को हुआ है, लेकिन 10 साल पहले जिस अंतर्कलह के चलते कांग्रेस की दुर्गति हुई थी, उससे वह आज भी मुक्त नहीं। 10 साल मुख्यमंत्री रहे भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष और उन्हीं की पसंद से उदयभान को प्रदेश अध्यक्ष बना कर आलाकमान ने उन्हें 'फ्री हैंड' का ही संदेश दिया है। परिणामस्वरूप हुड्डा विरोधियों के समक्ष कमल थामने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं की फेहरिस्त लंबी है, लेकिन अभी भी कुमारी सैलजा और रणदीप सिंह सुर्जेवाला के रूप में 2 दिग्गज ऐसे मौजूद हैं, जिनकी आलाकमान तक सीधी पहुंच है। दोनों ही राष्ट्रीय महासचिव हैं।

# ममता का विरोध इसी प्रकार जारी रहा तो उसकी आंच पश्चिम बंगाल से देश के हर कोने में पहुचेंगी!

**राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि आरजी कर की घटना के खिलाफ उमड़ा आक्रोश अब ममता बनर्जी सरकार के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द बनता जा रहा है। एक विश्लेषक विश्वनाथ घोष कहते हैं, दरअसल, शुरुआती गलतियों के कारण आम लोगों में यह संदेश गया है कि ममता बनर्जी सरकार इस मामले की लीपापोती का प्रयास करना चाहती है। इस विरोध प्रदर्शन में सियासत का रंग भी गाढ़ा होने लगा है। सीपीएम और कांग्रेस के अलावा बीजेपी और आरएसएस के लोग भी इसमें शामिल हो गए हैं। ऐसे में इस मामले के लंबा खिंचने के आसार हैं। सीबीआई को इस घटना की जांच सौंपने के बावजूद सरकार के खिलाफ लोगों की नाराजगी कम होने का नाम नहीं ले रही है।**

अशोक भाटिया




कोलकाता के आरजीकर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और फिर उनकी हत्या के बाद देशभर में विरोध की जो चिंगारी सुलगी है, कोलकाता उसका एपि सेंटर है। 9 अगस्त को सामने आई घटना के बाद से जारी विरोध प्रदर्शन अब तक थमा नहीं है, बल्कि इसका दायरा और लोगों के बीच आक्रोश लगातार बढ़ता ही जा रहा है। पहले कोलकाता सहित देशभर में डॉक्टरों का प्रदर्शन, फिर इस मामले में छात्र संगठनों के विरोध प्रदर्शन ने लोगों के गुस्से को आंदोलन की शक्ल दे दी है, उसके बाद बुधवार को भाजपा बंद के बाद यह आंदोलन लाठी और गोली व बड़े तकरार तक पहुँच गया । ममता व भाजपा के बीच 'वाक्-युद्ध'की जंग छिड़ गई । कोलकाता से आए कुछ जानकार लोग बताते है कि कोलकाता में ममता बनर्जी के खिलाफ लोगों का ऐसा गुस्सा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा। लोग ममता से बेहद नाराज हैं। नाराज़गी की सबसे बड़ी वजह लेडी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के बाद प्रिंसिपल को बचाने की कोशिश, आधी रात में सबूतों को मिटाने की कोशिश और फिर पुलिस कमिश्नर की दादागिरी। एक के बाद एक ऐसी घटनाएं होती गईं कि लोगों का गुस्सा बढ़ता गया और अब ये नाराजगी सड़कों पर दिखाई दी। इस प्रोटेस्ट को संयम के साथ कंट्रोल करने की बजाय कोलकाता पुलिस ने बर्बरता का रास्ता चुना जिससे लोगों में आक्रोश और बढ़ गया। आज भी इस बात के संकेत मिले कि ममता बनर्जी नरम होने को तैयार नहीं हैं। उनकी पार्टी के लोगों ने पुलिस के साथ मिलकर छात्रों के मार्च व भाजपा के बंद को फेल करवाने में पूरा जोर लगा दिया था । कोलकाता रेप-मर्डर केस को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भी बयान आया है । उन्होंने कहा कि मैं घटना को लेकर निराश और डरी हुई हूं। ऐसी घटनाओं को भूल जाना समाज की खराब आदत है। उन्होंने आगे कहा कि जब स्टूडेंट्स, डॉक्टर्स और नागरिक कोलकाता में प्रोटेस्ट कर रहे थे, तो अपराधी दूसरी जगहों पर शिकार खोज रहे थे। कोई भी सभ्य समाज अपनी बेटियों और बहनों पर इस तरह के अत्याचारों की इजाजत नहीं दे सकता। देश के लोगों का गुस्सा जायज है, मैं भी गुस्से में हूं।

गौरतलब है कि रेप और हत्या की घटना की आंच अब पश्चिम बंगाल के सबसे बड़े त्योहार दुर्गा पूजा तक भी पहुंचने लगी है। कोलकाता में यौनकर्मियों के सबसे प्रमुख संगठन दुर्बार महिला समन्वय समिति ने जहां दुर्गा प्रतिमा के लिए सोनागाची इलाके की मिट्टी देने से मना कर दिया है वहीं कई पूजा आयोजन समितियों ने इस घटना के विरोध में सरकार की ओर से मिलने वाली अनुदान की रकम ठुकरा दी है। ज्ञात हो कि कोलकाता में यौनकर्मियों के सबसे बड़े मोहल्ले सोनागाछी की मिट्टी के बिना दुर्गा प्रतिमा का निर्माण नहीं किया जा सकता। आखिर इतने पवित्र आयोजन के लिए समाज में उपेक्षित समझे जाने वाले रेड लाइट इलाके की मिट्टी क्यों ली जाती है? एक बेहद पौराणिक मान्यता के मुताबिक बहुत पहले एक यौनकर्मी देवी दुर्गा की बहुत बड़ी उपासक थी। लेकिन समाज से बहिष्कृत उस यौनकर्मी को तरह-तरह की यातनाओं का सामना करना पड़ता था। माना जाता है कि अपनी भक्त को इसी तिरस्कार से बचाने के लिए दुर्गा ने स्वयं आदेश देकर उसके आंगन की मिट्टी से अपनी मूर्ति स्थापित करवाने की परंपरा शुरू करवाई थी। साथ ही देवी ने उसे वरदान भी दिया था कि उसके यहां की मिट्टी के उपयोग के बिना प्रतिमाएं पूरी नहीं होंगी। लेकिन यौनकर्मियों के सबसे प्रमुख संगठन दुर्बार महिला समन्वय समिति ने इस बार अपने इलाके की मिट्टी देने से इंकार कर दिया है। संगठन ने कहा है कि आर.जी. कर की घटना में न्याय नहीं मिलने तक वो अपने इलाके की मिट्टी किसी भी मूर्तिकार को नहीं देगा। संगठन की अध्यक्ष बिशाखा लस्कर ने डीडब्ल्यू से कहा, दुर्गा शक्ति का प्रतीक हैं। लेकिन राज्य में जब महिला के साथ लगातार अत्याचार हो रहा है तो हम आखिर दुर्गा प्रतिमा के निर्माण के लिए मिट्टी क्यों दें? वह कहती हैं कि बंगाल में पूरे साल महिलाओं के साथ अत्याचार और यौन उत्पीड़न की घटनाएं हो रही हैं। आर.जी. कर की घटना हमारे सामने है। ऐसे में चार दिनों तक मां दुर्गा की आराधना करना बेमतलब है। वह भी महिला शक्ति का ही स्वरूप हैं। बिशाखा कहती हैं कि मूर्ति के लिए मिट्टी देने से मना करने का आरजी कर की घटना में त्वरित न्याय के साथ ही हम रेड लाइट इलाके में रहने वाली यौनकर्मियों को सम्मान की निगाह से देखने की भी मांग कर रहे हैं। अमूमन सिर्फ मिट्टी लेने के दौरान ही हमें सम्मान की निगाह से देखा जाता है। बाकी पूरे साल हम उपेक्षा झेलने पर मजबूर हैं। मांग पूरी नहीं होने तक किसी को मिट्टी नहीं दी जाएगी। राज्य की ममता बनर्जी सरकार हर साल तमाम दुर्गा पूजा समितियों को आर्थिक मदद करती है। ममता बनर्जी सरकार ने वर्ष 2017-18 में दुर्गा पूजा का आयोजन करने वाली करीब 43 हजार समितियों को सरकारी अनुदान देने के लिए दुर्गा भंडार योजना शुरू की थी। पहली बार वह रकम 10-10 हजार थी। बीते साल यह 70 हजार थी। जो अब बढ़ कर 85 हजार हो गई है।

इससे सरकारी खजाने पर करीब 363 करोड़ को बोझ पड़ता है ।लेकिन आरजी कर की घटना के विरोध में हुगली जिले की आधा दर्जन से ज्यादा आयोजन समितियों ने सरकारी अनुदान लेने से इंकार कर दिया है। हुगली की तीन आयोजन समितियों - उत्तरपाड़ा महिला पूजा आयोजन संघ, उत्तरपाड़ा शक्ति संघ और आपनादेर दुर्गापूजा - ने तो पहले ही मना कर दिया था। अब उसी जिले की कोन्नगर सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति के अलावा तीन अन्य समितियों ने भी सरकारी सहायता का बॉयकॉट करने का फैसला किया है ।एक आयोजन समिति की सदस्या सोमा चक्रवर्ती डीडब्ल्यू से कहती हैं, महिलाओं का सम्मान उत्सव से ज्यादा महत्वपूर्ण है। लेकिन अब यह सम्मान सुरक्षित नहीं है। हम राज्य की तमाम महिलाओं की सुरक्षा चाहती हैं। आरजी कर मामले में न्याय नहीं मिलने तक हम सरकारी सहायता का बॉयकॉट जारी रखेंगे। इन समितियों ने जिला प्रशासन को भी अपने फैसले की लिखित सूचना दे दी है। उसके बाद अब सबधित इलाकों के नगर पालिका अध्यक्ष ने अनुदान लेने के इच्छुक समितियों से आवेदन करने को कहा है। यहां इस बात का जिक्र प्रासंगिक है कि ममता बनर्जी हर साल एक सौ से ज्यादा पूजा पंडालों का उद्घाटन करती रही है। दरअसल इस समय जब सभी दलों को शांति बनाए रखने की ज़रूरत है, लेकिन कोलकाता में बुधवार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लेते हुए धमकी दे दी कि अगर बंगाल में आग लगाई गई, तो दिल्ली, यूपी, बिहार, ओडिशा, नॉर्थ-ईस्ट सब जलेंगे। इस पर दिल्ली, यूपी, बिहार, ओडिशा, नॉर्थ-ईस्ट के लोग ममता पर और भड़क गए है । अब पता नहीं यह आग कब बुझेगी।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। प्रभु स्मरण से मन हल्का होगा। आज का दिन मनोरंजन और मौज-मस्ती में व्यतीत होगा। परिजनों या मित्रों के साथ घूमने या फिल्म देखने जाने की संभावना है। आप अच्छा भोजन ग्रहण करेंगे।

**वृष**

आज आपको कोई महत्त्वपूर्ण निर्णय नहीं लेना चाहिए। गलत जगह खर्च करके या अत्यधिक काम के कारण मन में बेचैनी का अनुभव होगा। ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। मित्रों और स्नेहीजनों से मिलकर आनंद का अनुभव करेंगे।

**मिथुन**

सुंदर वस्त्रालंकार या नए वाहन खरीदने का योग है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार में भागीदारी से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। किसी नए व्यक्ति के प्रति आकर्षण का अनुभव होगा। आपके घर में आनंद का वातावरण रहेगा।

**कर्क**

आज आप पारिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर घरेलू मामलों के संबंध में विचार विमर्श करेंगे। घर को नए सिरे से योजनाबद्ध करके आप उसे एक नया स्वरूप देंगे। महिलाओं तथा माता की तरफ से लाभ होने की संभावना है। पारिवारिक जीवन में आनंद छाया रहेगा।

**सिंह**

कार्यभार के कारण आपके चिंतित होने की संभावना है। आज आप विदेश में बसने वाले मित्रों या स्नेहीजनों के अच्छे समाचार पाकर आनंद अनुभव कर सकेंगे। जो लोग विदेश जाना चाहते हैं, उनके लिए अच्छा समय है।

**कन्या**

प्रवास या धार्मिक स्थान पर जाने का योग है। ऑफिस में काम की अधिकता रहेगी। आपको अपने मिजाज को काबू में रखना पड़ेगा, ताकि कोई समस्या न हो। बीमार व्यक्ति आज कोई नई उपचार पद्धति न अजमाएं। ऑपरेशन न कराएं।

**तुला**

आपको बीमारी से राहत मिलेगी। ननिहाल से अच्छे समाचार मिलेंगे। इससे लाभ होगा। आप विरोधियों को परास्त कर सकेंगे। आज संतान सम्बंधी मामलों को लेकर चिंता रहेगी। विद्याध्ययन के लिए समय अनुकूल नहीं है।

**वृश्चिक**

पारिवारिक सदस्यों के साथ आपका समय आनंद और उत्साह में व्यतीत होगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेग। आपको मान-सम्मान प्राप्त होगा। उसके कारण खुशी का अनुभव होगा। ऑफिस में सहकर्मी आपकी मदद करेंगे।

**धनु**

आज आपको बौद्धिक वाद-विवाद से दूर रहना चाहिए। प्रेमीजनों को प्रणय में सफलता मिलेगी। प्रिय व्यक्तियों के साथ की मुलाकात से आनंद का अहसास होगा। आज अत्यधिक भावुकता आपके मन को आर्द्र बनाएगी।

**मकर**

महिला और माताजी से संबंधित चिंताएं रहा करेंगी। प्रवास के लिए उचित समय नहीं है। इसलिए आज प्रवास का विचार बदलने की सलाह दी जाती है। छाती में पीड़ा का अनुभव होगा। जमीन या संपत्ति के मामले में सावधान रहें।

**कुंभ**

विरोधी अपनी चाल में सफल नहीं हो पाएंगे और आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। आज आपका मनोबल दृढ़ न होने के कारण निर्णय लेने में तकलीफ होगी। सुरुचिपूर्ण भोजन का आनंद ले सकेंगे तथा अच्छे वस्त्रालंकार पहनने का अवसर प्राप्त होगा।

**मीन**

विद्यार्थियों को पढ़ाई में एकाग्रता की कमी महसूस होगी। आपका आज का दिन आनंद और खुशी के पलों में व्यतीत होगा। आप नया कार्य शुरू कर सकेंगे। सहोदरों के साथ आपके संबंध अच्छे रहेंगे। भाग्य में वृद्धि हो सकती है। आप तन-मन से स्वस्थ रहेंगे।

## शख्सियत

**सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं,बीते हुए कल के दौर को भूल जाना ही व्यक्ति को आने वाले कल के लिए रोशनी पैदा करता है। इस जीवन पथ पर सभी को चलना होता है कोई थक के हार जाता है कोई हार के भी जीत जाता है..........**

नमस्कार दोस्तों हमारे आज के शख्सियत कॉलम के स्टार हैं दबंग आईपीएस अधिकारी दिनेश एमएन। जोकि फिलहाल अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस,अपराध शाखा,राजस्थान जयपुर के पद को सुशोभित कर रहे हैं। 6 सितंबर सन 1971 को कर्नाटक में जन्में दिनेश एमएन ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेली कम्युनिकेशन से बीई की हुई है। ट्रेनिग के दौरान एएसपी दौसा, एएसपी गांधी नगर, जयपुर लगे। इसके बाद पुलिस अधीक्षक, करौली। पुलिस अधीक्षक, सवाई माधोपुर। पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, बीकानेर। पुलिस अधीक्षक, झुंझुनूं। पुलिस अधीक्षक उप निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, राजस्थान, जयपुर। पुलिस अधीक्षक, उदयपुर। पुलिस अधीक्षक, अलवर लगे। एक मामले में तत्कालीन सरकारों से संघर्ष करते हुए हारे नहीं ओर अपने जीवन के सर्वोत्तम सात साल जेल में बिताए। ये टूटे नहीं ना ही परेशान हुए बल्कि ओर भी मजबूत बने और जब सत्य जीता तो एक बार फिर सरकार को इस जाँबाज अधिकारी के नेतृत्व की आवश्यकता हुई। इनके जज्बे की पूरी पुलिस कौम कायल है। सच में संघर्ष करते करते इंसान या तो थक जाता है या फिर हार मान लेता है लेकिन इस अधिकार के हौसलें इतने बुलंद थे कि निहत्थे सत्य के आगे हथियारबंद असत्य हार गया। आखिर आते ही बडे पदों पर इन्हें तैनात किया गया। जहां बडे-बड़े बदमाशों को इन्होंने उनके सही ठिकाने पहुँचाया। प्रबंध निदेशक, राजसिको, जयपुर। पुलिस महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर। पुलिस महानिरीक्षक, एसओजी जयपुर। पुलिस महानिरीक्षक, बीकानेर रेंज, बीकानेर। पुलिस महानिरीक्षक,



दिनेश एम.एन
( वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी )

आसूचना, जयपुर। पुलिस महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर। अतिरिक्त महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो.द्वितीय, जयपुर। जैसे पदों को सुशोभित किया और फिलहाल अपराधियों की नाक में नकेल डालने के लिए एडिशनल डीजी क्राईम लगे हुए हैं। जहां इनके आने के बाद राजस्थान में गैंगवार व सयुक्त अपराध के काफी कमी आई है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्वल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिन्द**

## आज का इतिहास

### 30 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- दारा शिकोह को 1659 में औरंगजेब द्वारा फाँसी दी गयी।
- विलियम पेन इंग्लैंड से रवाना हुए और बाद में 1682 को उन्होंने अमेरिका में पेनसिल्वेनिया कॉलोनी की स्थापना की।
- जनरल बेनेडिक्ट अर्नोल्ड ने 1780 को वेस्ट प्वाइंट फोर्ट में ब्रिटिश सेना के सामने आत्मसमर्पण करने का वादा किया।
- न्यूयॉर्क शहर का दूसरा दैनिक समाचार पत्र 'डेली एडवर्टाइजर' 1806 में आखिरी बार प्रकाशित किया गया।
- उत्तर-पूर्वी टर्क और केको के उष्णकटीबंधीए आँधी के साथ तूफान का मौसम 1923 में शुरू हुआ।
- द इंडिपेंडेंस ऑफ़ इंडिया लीग की भारत में 1928 को स्थापना।
- जर्मनी पर मित्र राष्ट्रों के सैन्य नियंत्रण वाली नियंत्रण परिषद की स्थापना 1945 में हुई।
- भारतीय संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए डॉ भीमराव आम्बेडकर के नेतृत्व में एक समिति का गठन 1947 में किया गया।
- फिलीपींस और अमेरिका ने 1951 में एक रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किये।
- नॉटिंग हिल कार्निवल में 1976 को भड़के दंगे में दो सौ से ज्यादा पुलिसकर्मी जख्मी हो गए थे।
- फलस्तीनी मुक्ति संगठन के नेता यासिर अराफ़ात ने 1982 में बेरुत स्थित मुख्यालय को एक दशक के बाद छोड़ दिया था।
- अंतरिक्ष यान 'डिस्कवरी' ने 1984 में पहली बार उड़ान भरी।
- अजरबैजान ने 1991 में सोवियत संघ से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
- पूर्वी तिमोर की स्वतंत्रता के लिए जनमत संग्रह 1999 में सम्पन्न हुआ।
- पूर्वी तिमोर के निवासियों ने 1999 में इंडोनेशिया से आजादी के लिए भारी मतदान किया।
- संयुक्त राष्ट्र ने चार सितंबर को परिणाम की घोषणा की।
- युगोस्लाविया के पूर्व राष्ट्रपति स्लोबदान मिलोसेविच के खिलाफ 2001 को युद्ध अपराधों के मामले में आरोप तय किए गए।
- ताइवान में 2002 को भूकम्प के झटके महसूस किये गए।
- कोनोको इंक और फिलिप्स पेट्रोलियम ने 2002 में विलय कर कोनोकोफिलिप्स बनायी।
- यह अमेरिका की तीसरी सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी और दूसरी सबसे बड़ी रिफाइनिंग कंपनी थी।
- आस्ट्रेलिया ने विश्व नौकायन में स्वर्ण पदक जीता।
- समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव 2003 में तीसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने।
- बांग्लादेश सरकार ने 2007 में नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद युनुस के सम्मान में डाक टिकट जारी किया।
- जर्मनी के दो वैज्ञानिक गुंटर निमित्ज और आल्फ़ोंस स्टालहोफेन ने 2007 में अल्बर्ट आइंसटीन के सापेक्षता के सिद्धान्त को गलत ठहराने का दावा किया।

## विशेष आलेख

# भूख नैसर्गिक,प्राकृतिक सच। कैसे रुके अन्न की बर्बादी।

संजीव ठाकुर

मनुष्य,जानवर,पशु-पक्षी यहां तक पेड़ पौधों और जलचर भूख की नैसर्गिक प्राकृतिक प्रक्रिया के सच से गुजर रहे हैं। दुनिया का संघर्ष ही इस भूख को मिटाने हेतु ही कायम है। प्राकृति की संरचना ही इस क्षुदा की निरंतर पूर्ति के लिए प्रयासरत है। संयुक्त राष्ट्र संघ की फूड वेस्ट इंडेक्स सर्वे के अनुसार 2024 में हर एक नौ में से एक व्यक्ति पर्याप्त भोजन तथा आवश्यक पोषक तत्वों से वंचित रह जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार पूरी दुनिया में एड्स, मलेरिया ,टीबी और करोना 2023 में जितने व्यक्ति की मृत्यु हुई है उससे कहीं ज्यादा लोग भुखमरी से ग्रस्त होकर भगवान को प्यारे हो गए है । संयुक्त राष्ट्र संघ के आंकड़ों के अनुसार ही पूरी दुनिया में गरीबों की संख्या लगभग 140 करोड़ है और दूसरी तरफ दुनिया में सर्वाधिक प्रभावित गरीब व्यक्ति भारत में निवासरत हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत फूड वेस्ट इंडेक्स 2021 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 93 करोड़ लाख टन खाना कूड़े करकट के रूप में बर्बाद हुआ है। जिनमें घरों से निकला हुआ भोज्य पदार्थ का कूड़ा करकट लगभग 55प्रतिशत, होटल रेस्टोरेंट एवं अन्य बाजार के भोजन बेचने वालों 24प्रतिशत तथा अन्य क्षेत्र में लगभग 22 से 24प्रतिशत भोजन बर्बाद हुआ है। पूरे विश्व में भोजन के बर्बाद होने से भुखमरी के आंकड़े और भी बढ़ गए हैं। बड़ी हैरानी और हैरतअंगेज बात यह है कि पूरे विश्व में प्रति व्यक्ति 1 साल में लगभग 122 से 124 किलोग्राम भोजन बर्बाद कर देता है। भारत में प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष 50 किलो ,अफगानिस्तान 82 किलो, नेपाल 79 किलो ,श्रीलंका 76 किलो, पाकिस्तान 74 किलो और भूटान जैसा छोटा देश 79 किलो भोजन बर्बाद करता है। भोजन बर्बाद करने की एवं भोजन को कूड़ा करकट बनाकर फेंकने की कुसंस्कृति ही लगातार कई देशों को गरीब से गरीबतर बनाते जा रही है। पूरे विश्व स्तर पर विकसित विकासशील एवं गरीब देश भोजन की निर्मम बर्बादी करते आ रहे हैं। एक तरफ संयुक्त राष्ट्र संघ भुखमरी उन्मूलन के लिए अभियान छेड़ कर रखा है जिसका नाम दिया गया है जीरो हंगर यानी कि भुखमरी शून्य स्तर पर लाने का प्रयास जारी है पर इस अभियान में विकासशील ,गरीब तथा विकसित देश अपने देशों में खाद्य पदार्थ के अपशिष्ट को फेंक कर अवरोध पैदा करने में कोई कमी बेसी नहीं छोड़ रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में कुछ विकासशील देशों में बढ़ती जनसंख्या और लगातार गिरते अनाज के उत्पादन के साथ-साथ अन्न की निर्मम बर्बादी की वजह से दुनिया भर में भूख और भुखमरी से पैदा होने वाली समस्याओं तथा भुखमरी से मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह भारत देश का दुर्भाग्य है की कृषि मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार कि भारत में करीब 50 हजार करोड़ की कीमत का हर साल अपशिष्ट के रूप में अन्न बर्बाद



होता है, शायद आपको अंदाजा ना हो कि इतना अनाज बिहार जैसे बड़े राज्य की जनसंख्या को 1 वर्ष तक अन्य की आपूर्ति कर सकता है। भोजन की बर्बादी एक सामाजिक अपसंस्कृति एवं कुसंस्कृति की तरह व्याप्त होती जा रही है,। भोजन की इस तरह बर्बादी एक तरह से कुसंस्कृति को बढ़ावा देकर एक सामाजिक बुराई के रूप में सामने आ रही है। अनाज को थाली या कूड़ेदान में फेंक देने से उससे केवल अनाज की बर्बादी नहीं होती बल्कि ऊर्जा, जल ,पोषक तत्वों की बर्बादी होती है। अलावा इसको पैदा करने वाले किसानों को भी एक तरह निराशा का सामना करना पड़ता है अनाज उत्पादन के लिए जितनी मेहनत मशक्कत किसान करता है उसके अलावा खेती की जमीन बढ़ाने के लिए वनों का विनाश भी बड़ी तेजी से हो रहा है एवं उस जमीन की उर्वरा शक्ति का भी निरंतर क्षरण हो रहा है ।लगातार रसायनिक खादों रासायनिक तत्वों के उपयोग के कारण मिट्टी की गुणवत्ता तो खराब हो ही रही है। इसके अलावा पर्यावरण एवं वातावरण भी खराब होता जा रहा है एवं खाद्य पदार्थ के अपशिष्ट छोड़ने से जानवरों की खाने से जानवरों को भी जीवन का खतरा बनते जा रहा है। इससे अन्य संक्रामक बीमारियां भी फैलने का खतरा बढ़ने लगा है। अनाज को अपशिष्ट के रूप में बर्बाद करने से न सिर्फ अनाज बर्बाद होता है बल्कि किसान की मेहनत जमीन का क्षरण उसमें लगने वाली सिंचाई के लिए पानी की बर्बादी एवं समय का दुरुपयोग भी माना जाता है। हमारे द्वारा जो भोजन का अपशिष्ट पदार्थ कूड़ेदान में छोड़ दिया जाता है उसकी वजह से वैश्विक अनुसंधान से यह बताया गया है की ग्रीन हाउस गैस ने 10 से 15त्न तक का इजाफा होता है खराब पदार्थों से गैस उत्सर्जन के कारण वैश्विक स्तर पर ग्लोबल वार्मिंग का भी खतरा दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। पदार्थ को छोड़ने से वातावरण दूषित होता है एवं संक्रामक बीमारियां न सिर्फ जानवरों में बल्कि इंसानों में भी तेजी से फैलने लगती है एवं इंसान की मौत तक होने लगी है। संयुक्त राष्ट्र संघ की ताजा रिपोर्ट के अनुसार यदि भोजन के अपशिष्ट पदार्थ इसी तरह थोड़े जाएंगे तो कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन से मानव जीवन के लिए बहुत बड़ा खतरा बढ़ सकता है एवं मनुष्य घुट घुट कर जीने के लिए मजबूर हो सकता है।



## ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान में लगाए पौधे

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 151 शहतूत के पौधे लगाए गए।

मीडिया प्रभारी डॉ. अमरसिंह मीणा ने बताया कि गुरूवार संस्थान के सेक्टर 09 में पशु पोषण विभाग के अध्यक्ष डॉ. रणधीर सिंह भट्ट के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी वैज्ञानिको, अधिकारियो व कर्मचारियो सहित इनके परिवारो ने भाग लिया। कार्य्रक्रम समन्चयक डॉ. सुरेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन विश्व पर्यावरण दिवस व भारत सरकार के वैश्विक अभियान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आयोजित किया। कार्यक्रम में मौजुद सभी लोगो ने परिसर में 151 शहतूत के पौधे लगाकर सरंक्षण व संवर्धन का संकल्प लिया।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना लागू

## घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचाने वाले को मिलेंगे 10 हजार

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,(का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संवेदनशील एवं जवाबदेह शासन सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना का गठन किया गया है। सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की जीवन रक्षा के लिए न्यूनतम समय में (गोल्डन ऑवर) चिकित्सकीय उपचार मिल सके। इसके लिए आमजन को प्रेरित किया जा रहा है। राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की अनुपालना में राज्य में मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना लागू की गई है। योजना का उद्देश्य राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को कम करना है।प्रदेश में घटित सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर घायल व्यक्ति को न्यूनतम समय (गोल्डन ऑवर) में राज्य के निकटतम सरकारी एवं निजी चिकित्सा संस्थान (अस्पताल/ट्रोमा सेंटर आदि) पहुंचाने वाले भले व्यक्ति को राज्य सरकार 10 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र देगी। इसके लिये मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना का गठन किया गया है। इस संबंध में वित्त विभाग ने घायल व्यक्तियों के जीवन रक्षा के परिप्रेक्ष्य में घायल व्यक्ति को न्यूनतम समय में चिकित्सकीय उपचार उपलब्ध कराने की दृष्टि से आमजन को प्रेरित करने के उद्देश्य से 21 अगस्त, 2024 को दिशा निर्देश जारी किए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से संचालित इस योजना के लिए बजट परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के समर्पित सड़क सुरक्षा कोष द्वारा वहन किया जाएगा। घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाला भला व्यक्ति स्वेच्छानुसार अपनी पहचान आदि देने तथा योजना का लाभ लेने को तैयार होने पर अस्पताल के इमरजेंसी रूम में कार्यरत मेडिकल ऑफिसर द्वारा भले व्यक्ति का नाम, उम्र, लिंग, पता, मोबाइल नंबर, पहचान पत्र, बैंक डिटेल इत्यादि की जानकारी फॉर्म में दी जाएगी। मेडिकल ऑफिसर के अतिरिक्त संबंधित थानाधिकारी/उपखंड मजिस्ट्रेट द्वारा भी भले व्यक्ति को इस योजना का लाभ दिलाने की अनुशंसा निदेशक, जन स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं को दुर्घटना के 3 दिवस के अंदर की जाएगी।

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को निकटतम राजकीय अथवा निजी अस्पताल में पहुंचाने वाले भले व्यक्ति के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने एवं उसकी इच्छानुसार तत्काल अस्पताल से जाने की अनुमति होगी। यदि घायल व्यक्ति गंभीर श्रेणी का है तो उसकी मदद करने वाले वाले भले व्यक्ति को 10 हजार रुपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। वहीं एक से अधिक भले व्यक्ति होने की स्थिति में सभी को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि सभी को समान रूप से विभाजित की जाएगी। भले व्यक्ति द्वारा सामान्य घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने पर केवल प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

### अतिरिक्त चार्ज के भरोसे उपखण्ड चौथ का बरवाड़ा में कई सरकारी विभाग के मुख्य पद

## उपखंड अधिकारी का पद तक अतिरिक्त चार्ज पर

बढ़ता राजस्थान

**शिवाड़ (नि.स.)।** उपखण्ड चौथ का बरवाड़ा में सरकारी महकमो के कई पद अतिरिक्त चार्ज के भरोसे चल रहे है जिससे यहां लगे अधिकारी मन लगाकर कार्य नही कर पा रहे है और मन मे सब के यही है कि यहां से कब जाने के आदेश हो जाये ऐसे में जनता के कार्य पूरी रुचि से नही हो रहे है और एक अधिकारी पर कई जगह की ज़िम्मेदारी होने से वो एक जगह पूरा समय नही दे पा रहे है । राज्य की भाजपा सरकार को आये भले ही 8 माह हो गए हो लोगो ने विधानसभा खण्डार में विधायक भी बदल दिया मगर राज्य सरकार द्वारा तबादले नही होने से अतिरिक्त चार्ज के भरोसे उपखंड में कई विभाग चल रहे है । मजे की बात ये है कि उपखंड अधिकारी तक चौथ का बरवाड़ा में अतिरिक्त चार्ज पर लगे हुए है ।

चौथ का बरवाड़ा उपखंड अधिकारी पर अभी दामोदर गुर्जर लगे हुए है जिन्हें खण्डार के साथ चौथ का बरवाड़ा उपखण्ड अधिकारी की ज़िम्मेदारी दी हुई है तो वही उपखंड में बिजली विभाग में तो अतिरिक्त चार्ज के भरोसे विभाग चल रहा है यहां खण्डार के सहायक अभियंता फरीद खान को चौथ का बरवाड़ा सहायक अभियंता का चार्ज दिया हुआ है वही कनिष्ठ अभियंता पवन मीना जो कुस्तला में कार्यरत है उन्हें उपखंड के तीन कार्यालय शिवाड़, भगवतगढ़ और चौथ का बरवाड़ा का अतिरिक्त चार्ज दिया हुआ है । वही शिवाड़ स्थित राजकीय छात्रावास में छात्रावास अधीक्षक का एक सरकारी अध्यापक को चार्ज दिया हुआ है । चौथ का बरवाड़ा में शिक्षा विभाग में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का चार्ज अतिरिक्त ब्लॉक जिला शिक्षा अधिकारी को दिया हुआ है । वही चौथ का बरवाड़ा उपखंड में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी पद भी अतिरिक्त चार्ज के भरोसे है । वही उपखंड के महिला एवं बाल विकास विभाग के ब्लॉक अधिकारी का पद भी अतिरिक्त चार्ज पर है । इसके अलावा कुछ माह से चौथ का बरवाड़ा पंचायत समिति के विकास अधिकारी का पद भी अतिरिक्त चार्ज के भरोसे था जो अभी कुछ दिन पूर्व नये विकास अधिकारी के जॉइन करने से भर गया है । ऐसे में लोगो के कार्य समय पर नही हो पा रहे है और दबी जुबान में विपक्ष अब स्थानीय विधायक पर हमलावर है ।

## सुअरों के आतंक से ग्रामीण परेशान

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/गुंसी।** उपखंड क्षेत्र के सेदरिया, लुहारा, बिचपड़ी, राधागोविंदपुरा, श्रीसुरतपुरा एवं बराड़ी सहित कई गांवों में जंगली सुअरों ने आतंक मचा रखा है। सुअर किसानों की फसलों को तहस नहस कर रहे है। भारतीय किसान समाज संगठन के सदस्य भागुता गुर्जर, रामकिशन गुर्जर, सांवलराम गुर्जर, सरदार जाट, दयाराम चौधरी व रायचंद जाट सहित कई किसानों ने बताया कि सुअर खेतों में खड़ी फसल को नष्ट कर रहे है। उन्होंने बताया कि किसान रात रात भर जागकर फसलों की रखवाली कर उसे बचाने की कोशिश कर रहे है लेकिन फिर भी मौका मिलते ही सुअर झुंड के रूप में खेतों में घुस जाते है और फसल को नष्ट कर जाते है। तार जाली लगाकर भी किसान फसलों को नहीं बचा पा रहे है। सुअर जाली के नीचे से जमीन खोदकर खेतों में घुस जाते है। क्षेत्र में इनका इतना आतंक बढ़ चुका है कि किसान अकेले रखवाली करने से भी डर रहे है। उन्होंने बताया कि सुअरों की मूंगफली, मूंग और उड़द की फसल पर ज्यादा नजर रहती है। यदि यही हाल रहे तो किसान इन फसलों को उगाना ही बंद कर देंगे। ग्रामीणों ने बताया कि किसान महासभा के नेतृत्व में किसानों ने उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को ज्ञापन देकर सुअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने का ज्ञापन दिया था लेकिन अभी तक कोई ठोस उपाय नहीं हुआ है। क्षेत्र के किसानों ने सूअरों को रेस्क्यू कर जंगलों में छोडने की प्रशासन से मांग की है।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के पंजीकरण आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** विद्युत विभाग के तत्वावधान में प्रधामंत्री सूर्य घर योजना के पंजीकरण के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। सहायक अभियंता कैलाश माली व सहायक अभियंता धनराज टाटावत ने बताया कि शुक्रवार व शनिवार को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक अहिंसा सर्किल पर स्थित विद्युत विभाग कार्यालय व झिलाय जीएसएस कार्यालय पर प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के पंजीकरण किए जाएंगे। इसी प्रकार गांव करेडा जीएसएस कार्यालय व गांव मूंडिया के पनघट पर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के पंजीकरण किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को पंजीकरण के लिए बिजली का नवीन बिल व रजिस्टर्ड मोबाइल साथ में लाना होगा।

## प्रभातफेरी निकालकर लोगों को किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में भी खेल दिवस पर कार्यवाहक प्राचार्य प्रीति जैन के सानिध्य में अनेक गतिविधियां आयोजित हुई। खेल प्रभारी डॉ. सीएल मीना ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस को लेकर छात्राओं ने प्रभातफेरी निकालकर लोगों को जागरूक किया।

# स्काऊट गाइड संगठन अनुशासन व बहादुरी का दूसरा नाम : राधा चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के प्रतिनिधि धर्मपत्नि राधा चौधरी ने कहा है कि स्काउट व गाइड संगठन अनुशासन व बहादुरी का दूसरा नाम है।

श्रीमति राधा चौधरी गुरूवार को टोडारायसिंह में राजस्थान स्काउट व गाइड संगठन के स्थानीय वार्षिक अधिवेशन व सभा गोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए विचार प्रकट कर रही थी। इस मौके पर चौधरी ने कहा कि जहां एक ओर स्काउट बालको को अनुशासन व बहादुरी की सीख देता है वहीं गाइड संगठन भी बालिकाओ को अनुशासन व बहादुरी का पाठ पढाता है। उन्होने अभिभावको से आव्हान करते हुए कहा कि प्रत्येक अभिभावक को अपने बालक बालिकाओं को इस तरह से राष्ट्रीय संगठनो में शामिल होने के लिए प्रेरित करना चाहिए। श्रीमति चौधरी ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक व प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल जी के मन में हर समय क्षैत्र व क्षेत्र के आम जन की चिन्ता रहती है।

जलदाय मंत्री पर समूचे प्रदेश के जल प्रबन्धन का कार्यभार होने के बावजूद वे हमेशा क्षेत्र के बारे में सोचते रहते हैं। जलदाय मंत्री क्षैत्र की जनता को अपने परिवार की तरह मानकर काम कर रहे हैं।




उन्होंने जलदाय मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में विश्वास दिलाते हुए कहा कि आने वाला समय मालपुरा टोडारायसिंह क्षेत्र का होगा क्योंकि उन्हें जलदाय मंत्री व प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कार्यशेली पर पूरा विश्वास है। इस दौरान आयोजको ने जलदाय प्रतिनिधि कन्हैयालाल चौधरी के प्रतिनिधि के रूप में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजुद उनकी धर्मपत्नि राधा चौधरी का स्वागत सम्मान व अभिनन्दन किया।

## मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए पिलाया काढ़ा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बैरवा बस्ती रजवास में राजकीय आयुर्वेद औषधालय के तत्वावधान में गुरूवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए छात्र-छात्राओं व आम नागरिकों को काढा पिलाया गया। शिविर में डॉ. आनन्द प्रकाश व परिचारक राजू बैरवा ने बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाव एवं स्वस्थ रहने की जानकारी दी। इस दौरान अध्यापक मुकेशकुमार व ममता देवी सहित समस्त शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## गांव कनेसर का सड़क मार्ग हुआ क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों व विद्यार्थियों को हो रही है परेशानी

बढ़ता राजस्थान



**निवाई/गुंसी।** राहोली सडक़ मार्ग पर स्थित मजूकड़ा गांव से सुनारा जाने वाले सडक़ मार्ग से गांव कनेसर में सडक मार्ग पूरी तरह टूट चुका है जिससे दर्जन भर गांवों के लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। जोधपुरिया, सुनारा, जगतपुरा, छोरिया, सूरज का खेड़ा व सोसाइटी की ढाणी सहित करीब दर्जन भर गांवों के लोगों ने बताया कि इन गावों के लोगों का जयपुर की ओर जाने के लिए यही मुख्य सडक़ मार्ग है। लेकिन इन दिनों क्षेत्र मे हुई भारी बारिश के चलते ये सडक़ मार्ग ग्राम कनेसर में पूरी तरह टूट चुका है। यहां इस मार्ग में दो फीट गहरे गड्ढे बन गए है जिनमें पानी भरा हुआ है। आने जाने वालों को यह गड्ढे दिखाई नहीं देते है जिसके चलते दुपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। इस रास्ते से पैदल निकलना तो बहुत ही मुश्किल हो रहा है। कनेसर स्कूल में पढने वाले एवं गांव से बाहर जाने वाले विद्यार्थियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। विद्यार्थी इस रास्ते के बजाय खेतों के चक्कर लगाते हुए स्कूल पहुंच रहे हैं जिससे उन्हें पहुंचने में ज्यादा समय लगता है। राहगीरों एवं स्थानीय निवासियों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग से इस रास्ते से क्षतिग्रस्त सडक़ मार्ग को ठीक करवाने की मांग की है।

# रामकथा में केवट प्रसंग पर केवट ने मांगा भवसागर से पार लगाने का आर्शिवाद

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा के महेश सेवा सदन में भारत विकास परिषद एवं श्री रामकथा महोत्सव आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में चल रही रामकथा में व्यासपीठ से संत श्री शम्भूशरण जी लाटा ने वनवास जाते समय भगवान श्री राम व माता सीता सहित भैया लक्ष्मण को गंगा के उस पार करने वाली केवट प्रसंग पर मार्मिक कथा सुनाई।

व्यासपीठ से संत श्री ने बताया कि भगवान श्री राम माता सीता व भैया लक्ष्मण के साथ वन की ओर जा रहे थे। इस दौरान गंगा पार करने के लिए नाव की आवश्यकता महसूस हुई। उस पर भगवान राम ने एक केवट से उस पार पहुंचाने का आग्रह किया। लेकिन केवट ने यह कहकर मना कर दिया कि जब आपके चरणो से एक पत्थर की प्रतिमा नारी बन सकती है तो मेरे परिवार को रोजगार देने वाली नाव का क्या। इसलिए जब मैं आपके चरण धोने के बाद नाव पर बैठाकर उस पार पहुंचा सकता हुं। भगवान श्री राम भी केवट के प्रेम के आगे वशीभूत होकर अपने चरण आगे बढ़ा देते हैं। केवट भी भगवान राम



के चरण धोने के बाद नाव पर बैठाकर गंगा के उस पार पहुंचाने के लिए रवाना हो जाता है। बीच रास्ते में माता सीता ने केवट से गंगा पार करवाने के बदले अपनी हाथ की अंगूठी देने का प्रयास करती है लेकिन केवट लेने से मना कर देता है। जिस पर भगवान राम केवट से कुछ देने की बात कहते हैं। तो केवट कहता है कि आज जिस प्रकार मैंने आपको गंगा पार किया है ठीक इसी प्रकार जब मैं आपके पास आऊं तो मुझे भी भवसागर से पार करवा देना। भगवान राम केवट की इस चालाकी से प्रसन्नत होकर आर्शिवाद प्रदान कर देते हैं। संत श्री द्वारा प्रस्तुत इस मार्मिक प्रंसंग पर श्रोता भावविभोर होकर भगवान राम के जयकारो से गूंजायमान कर देते हैं। परिषद प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि गुरूवार की कथा के यजमान संजय दगोलिया रहे जिन्होंने कथा के प्रारम्भ आरती की। वहीं प्रसादी वितरण का लाभ अरविन्द कुमार टेलर व उनके परिवारजनो ने प्राप्त किया। आयोजको ने इन दोनो सहयोगकर्ताओं व उनके परिवार का अभिनन्दन किया।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुई कई प्रतियोगिताए

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** राष्ट्रीय खेल दिवस को लेकर गुरुवार को विद्यालयों में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन हुआ। उच्च माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य गोविंदनारायण शर्मा के निर्देशन में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। विद्यालय के खेल प्रभारी गिर्राजप्रसाद गुर्जर ने बताया कि मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर आयोजित खेल गतिविधियों में विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। इस अवसर पर कबड्डी, खो-खो व दौड़ सहित अनेक खेलों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्राथमिक विभाग के टीकम चन्द कुमावत, दीप्ति गौतम, मनभर चौधरी, रमेश प्रजापत, सीताराम महावर, तुलसीराम चौधरी व राजेश कुमार शर्मा सहित अनेक शिक्षकों ने भाग लिया। इसी प्रकार पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में



प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका ने निर्देशन में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक लक्ष्मणसिंह ने बताया कि जयंती के अवसर पर शतरंज व रस्साकशी के खेल आयोजित किए गए जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में सहस्त्र घट कल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** उपखंड मुख्यालय पर स्थित भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में तहसील सभा एवं विकास समिति के तत्वाधान में समस्त जांगिड़ समाज द्वारा शनिवार को सुबह 9 बजे से सहस्त्र घट का आयोजन किया जाएगा। महामंत्री रामविलास चैनपुरा व प्रवक्ता मनीष जांगिड ने बताया कि सहस्त्र घट को लेकर वैदिक मंत्रोचार के साथ भगवान शिव की पूजा अर्चना की जाएगी। तत्पश्चात समस्त जांगिड़ समाज का सामूहिक भोज का अयोजन होगा।

## पुरूष वर्ग में जतिन शर्मा व महिला वर्ग में ज्योति अजमेरा की टीम रही विजेता



बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** राजकीय महाविद्यालय में खेल दिवस पर प्राचार्य प्रोफेसर दीपकराज जैन के सानिध्य में अनेक गतिविधियां आयोजित हुई। खेल प्रभारी डॉ. सीएल मीना ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस को लेकर छात्राओं ने प्रभातफेरी निकाली। खेल नोडल अधिकारी डॉ. राजेश मीणा ने बताया कि खेल दिवस पर बेडमिंटन व लंगडी टांग सहित अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि बेडमिंटन में जतिन शर्मा प्रथम स्थान पर रहे। इसी प्रकार लंगडी टांग पुरूष वर्ग में जतिन शर्मा की टीम व महिला वर्ग में ज्योति अजमेरा की टीम विजेता रही।

## आरजीएचएस के तहत मेडिकल जांच का लाभ नही ले पा रहे सेवानिवृत्त बुजुर्ग

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम से अलवर की एक ह्वक्रु लैब को रजिस्टर्ड किया है। लेकिन उसका लाभ चुनिंदा आरजीएचएस कार्ड धारियों को ही मिल पा रहा है। बेतरतीब नीतियों के चलते लाभ सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों को नही मिल पा रहा है। ऐसे में इसके किये आरजीएचएस कार्ड धारक को पहले सरकारी हॉस्पिटल में लाइन में धक्के खाने होंगे ,पर्ची कटवानी होगी,मरीजो की लाइन में लगना पड़ेगा तो डॉक्टर जांच लिखेगा तो होगी। जबकि प्राइवेट हॉस्पिटल में आरजीएचएस के जरिये अनावश्यक मेडिकल टेस्ट करवाकर मरीज परेशान हो जाता है। जब प्राइवेट हॉस्पिटल में मरीज सीधा दिखा कर जांच करवा रहा है।

## रक्तवीर सदस्यों का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर मां श्रीयादे जिला शिक्षा समिति टोंक के पांच रक्तवीर सदस्यों का ऋषिकेष में सम्मान किया गया। समिति अध्यक्ष बाबूलाल कुम्हार ने बताया कि ऋषिकेष में रक्त क्रांति फाउंडेशन गुजरात के तत्वावधान में आयोजित नेशनल अवार्ड सेरेमनी में निवाई तहसील सह प्रभारी कैलाश प्रजापति निमोला, ब्लड ब्रांड एंबेसडर बन्ना लाल प्रजापति मेहंदवास, सह ब्लड ब्रांड एंबेसडर मुकेश प्रजापति झिलाय, सहायक ब्लड सलाहकार भवानी शंकर प्रजापति नटवाड़ा एवं रक्तवीर सोनू प्रजापति सुनारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। और उन्होंने बताया कि मां श्रीयादे समिति के तत्वावधान में जिले में अब तक 16 रक्तदान शिविर का आयोजन हो चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि गत 23 मार्च को हिमाचल प्रदेश में भी समिति का सम्मान हो चुका है।

## नशीला पदार्थ पिलाकर महिला से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** करणी विहार थाना इलाके में एक परिचित युवक द्वारा नशीली चाय पिलाकर विवाहिता से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पति को छोड़ने के लिए धमकाया। करणी विहार थाने में पीड़ित विवाहिता ने मामला दर्ज करवाया है। मामले की जांच थानाधिकारी गजेंद्र सिंह कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि करणी विहार निवासी बाईस वर्षीय विवाहिता ने मामला दर्ज करवाया कि आरोपित के परिचित होने के कारण उससे बातचीत होती रहती थी। आरोप का घर पर आना-जाना भी था। मिलने के बहाने घर आने पर चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। चोरी-छिपे बनाए अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर देहशोषण करने लगा। अश्लील वीडियो को वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी। पति को छोड़कर उससे शादी नहीं करने पर वीडियो वायरल करने के लिए धमकाया। पति को छोड़ने के लिए बार-बार मजबूर करने पर परेशान होकर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। पुलिस ने दुष्कर्म और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मिट्टी ढहने से 20 फीट नीचे दबा मजदूर

### वाटर हार्वेस्टिंग के लिए खोद रहा था गड्ढा, पाइप डालते समय ढही मिट्टी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** करणी विहार थाना इलाके में गुरुवार दोपहर मिट्टी ढहने से एक मजदूर बीस फीट गहरे गड्ढे में दब गया। मजदूर वाटर हार्वेस्टिंग के लिए गड्ढा खोदकर पाइप डालने का काम कर रहा था। करणी विहार थाना पुलिस ने एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस टीम की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। राहत काम में जुटी टीमें जेसीबी की मदद से मिट्टी हटाकर मजदूर को निकालने का प्रयास कर रही हैं। एसीपी वैशाली नगर आलोक गौतम ने बताया कि हादसा गुरुवार दोपहर रंगोली गार्डन के पास हुआ। एक अपार्टमेंट के बाहर वाटर हार्वेस्टिंग के लिए लाइन डाली जा रहा है। कालवाड़ रोड निवासी बीरवल (23) गड्ढा खोदकर पाइप डालने का काम कर रहा था। करीब बीस फीट गहरे गड्ढे में उतरकर पाइप डालते समय अचानक मिट्टी ढहने से वह दब गया। अचानक तेज आवाज सुनकर लोगों ने अनहोनी की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। करणी विहार थाना पुलिस के साथ ही एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस टीम मौके पर पहुंची। टीमों की ओर से जेसीबी बुला कर तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। जेसीबी की मदद से मिट्टी हटाकर दबे मजदूर को निकालने में टीमें जुटी हुई हैं।

## चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सांगानेर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व (डीएसटी) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले दो बदमाशों को धर-दबोचा है और साथ ही उनके पास से लूटी गई चैन भी बरामद की है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपितों ने आधा दर्जन से अधिक चैन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देना कबूला है। नशा और मौज मस्ती के लिए चेन स्नैचिंग करते है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि सांगानेर थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले दीपक चौधरी (27) निवासी बरौनी जिला टोंक हाल सीतापुरा सांगानेर जयपुर और राजेन्द्र चौधरी(27) निवासी निवाई जिला टोंक हाल सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि दोनो ही आरोपी गैंग के सरगना धारासिंह के कहने पर वारदात करते है और फिर तोडी गई चेन उसे दे देते है। जिसके बदले में गैंग सरगना धारासिंह उनको खर्चा दिया करता था। पुलिस आरोपितों से गैंग सरगना धारासिंह के बारे में पूछताछ सहित अन्य वारदातों के बारे में जानकारी कर रही है।

## होमगार्ड तीस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी)की अलवर-प्रथम टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए कार्यालय जिला कमांडेंट होमगार्ड अलवर के होमगार्ड सहजुदीन को परिवादी से तीस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की अलवर-प्रथम टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि होमगार्ड में सिपाही के पद पर परमानेंट लगवाने की एवज में होमगार्ड सहजुदीन की ओर से तीन लाख रूपये की रिश्वत राशि की मांग की जा रही है। एसीबी की जयपुर-प्रथम टीम के उप अधीक्षक पुलिस महेन्द्र कुमार के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए होमगार्ड सहजुदीन को तीस हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है।

### कुक्मु उर्फ कान्हा अपहरण मामला : जयपुर से 14 महीने पहले किडनैप बच्चा मिला

## बच्चे को नहीं भा रही मां की गोद अपहरणकर्ता को याद कर रोने लगता है बच्चा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर( का.स. )।** सांगानेर सदर थाना पुलिस ने चौदह माह पहले अपहरण हुए ग्यारह माह के बच्चे कुक्मु उर्फ कान्हा को अपहरणकर्ता से चंगुल मुक्त करवा कर परिजनों को सौंप दिया। लेकिन कान्हा को मां की गोद नहीं भा रही है। कान्हा बार-बार अपहरणकर्ता को याद कर रो रहा है। बच्चे को अपहरणकर्ता ने बड़े लाड़ प्यार से रखा। इससे बच्चे को अपहरणकर्ता लगाव होना लाजिमी है। हालांकि अपहरणकर्ता को भी बच्चे की याद सता रही है। लम्बे समय से माता-पिता से दूर रहे कान्हा को वर्तमान माहौल में नहीं ढल पा रहा है। माता-पिता ने कान्हा के मिलने के बाद खुशियां मनाई और अब उसकों प्यार लुटाने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे है। पुलिस ने गुरुवार को आरोपित तनुज चाहर को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे एक दिन रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया गया। गौरतलब है कि वाटिका सांगानेर निवासी पूनम चौधरी पत्नी रितुराज के 11 माह के कुक्मु उर्फ कान्हा को 14 जून 2023 को तनुज चाहर और उसके साथी घर से अगवा कर ले गए थे। आरोपी तनुज चाहर उसके मामा का लड़का है एवं यूपी में हैडकांस्टेबल के पद पर तैनात था। पुलिस ने 14 माह बाद बुधवार को आरोपी को पकड़कर बच्चे को सकुशल मुक्त करवाया। लगातार अनुपस्थित रहने से आरोपी को नौकरी से निलबिंत कर दिया गया और पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। आरोपी अपहरण के बाद से लगातार वेश और जगह बदल कर रह रहा था। आरोपी तनुज चाहर उत्तरप्रदेश पुलिस की विशेष तथा सर्विलांस टीम में तैनात रह चुका था जो कि पुलिस की बारीकी व पकड़ने के तरीकों को अच्छे से समझता था। इसलिए पुलिस टीम से बचने के लिए उसने अपनी पहचान छिपाकर दाढी व सिर के बाल बढा लिए एवं साधु का चोला पहनकर भेष बदल लिया था। 27 अगस्त को पुलिस को तनुज चाहर को अलीगढ़ में होने की सूचना मिली। पुलिस की भनक लगने पर आरोपी बच्चे को गोद में लेकर खेतों में भाग निकला। पुलिस ने करीब 8-10 किलोमीटर खेतों में पीछा कर आरोपी को सुरीर थाना क्षेत्र से दबोच लिया।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को मिला हिंदी का प्रथम पुरस्कार

### कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा को विजेता शील्ड और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** उत्तर पश्चिम रेलवे प्रधान कार्यालय जयपुर की संयुक्त अध्यक्षता में 28 अगस्त, बुधवार को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय) जयपुर को वर्ष 2023-2024 के दौरान सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का सर्वाधिक उपयोग करने के लिए केन्द्र सरकार के कार्यालय के क वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर * वैजयंती राजभाषा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र* देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक एवं नगर राजभाषा समिति के अध्यक्ष अभिताभ ने कुलपति प्रो. संजीव शर्मा को प्रथम विजेता की शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का सर्वाधिक उपयोग करने के साथ 16 देशों से आये हुए विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से हिंदी भाषा सिखाई जाती है, जिससे हम अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी हिंदी का विकास कर रहे है। इस अवसर पर राजभाषा की प्रगती की समीक्षा की गई एवं अन्य केंद्रीय कार्यालय के प्रतिनिधियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान से कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, सयुंक्त निदेशक जय प्रकाश शर्मा, प्रो. सुरेन्द्र शर्मा, डॉ. राकेश नागर, हिंदी अधिकारी डालचंद कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## पशुधन सहायक भर्ती में दो बेटियों ने लहराया परचम



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** राजस्थान पशुधन सहायक भर्ती में शिवालय क्लासेज जयपुर ने एक बार फिर से अपना परचम लहराया है। पशुधन सहायक भर्ती में संपूर्ण राजस्थान में छठी रैंक लाने वाली दो बेटियां निकिता कुमारी और मनीषा कमारी दोनो झोटवाड़ा स्थित शिवालय क्लासेज पहुंची जहां संस्था प्रधान राजेंद्र चौधरी ने दोनों बेटियों को मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया दोनों ही बेटियां भरतपुर की रहने वाली है। वहीं संस्था प्रधान राजेंद्र चौधरी ने कहा कि बेटियां भी बेटों से काम नहीं है। हमेशा बेटियों को आगे रखना चाहिए चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो या फिर खेलकूद का क्षेत्र हो आज देश की बेटियां शिक्षा हो या खेलकूद का क्षेत्र हो हर क्षेत्र में देश और विदेश में भारत का नाम रोशन कर रही है।

## भारतीय राष्ट्रगान के एपीक संस्करण ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर( का.स. )।** ग्रैमी अवार्ड विजेता रिकी केज के द्वारा एसोसिएट प्रोड्यूसर के रूप में कोलकाता स्थित सांस्कृतिक कार्यकर्ता संदीप भूतोरिया के साथ तैयार किए गए भारतीय राष्ट्रगान के एक महाकाव्य संस्करण ने गायक मंडली की विशेषता वाले सबसे बड़े गायन पाठ के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में प्रवेश करके एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। जिसमें ओडिशा के लगभग 14 हजार आदिवासी बच्चों के गायक मंडल ने एक साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने ओडिशा के भुवनेश्वर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज में एक साथ इसका प्रदर्शन किया।

इस वीडियो में भारत के जीवित संगीत दिग्गज पंडित हरिप्रसाद चौरसिया, राकेश चौरसिया, अमन और अयान अली बंगश, राहुल शर्मा, जयंती कुमारेश, शेख और कलेशबी महबूब, गिरिधर उडुपा और यूके के रॉयल फिलहारमोनिक ऑर्केस्ट्रा के सदस्य भी शामिल थे। इस अवसर पर प्रभा खेतान फाउंडेशन के ट्रस्टी संदीप भूतोरिया जो विश्व स्तर पर भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा दे रहे हैं ने कहा कि यह परियोजना भारत की विविधता में एकता का सच्चा उत्सव है, इसके साथ ही यह संगीत के क्षेत्र में सहयोग और सांस्कृतिक जगत में प्रतिनिधित्व के मामले में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ओडिशा के हजारों बच्चों के साथ ऐसे दिग्गज कलाकारों के सहयोग से मिली उपलब्धि, पूरी दुनिया को हमारी सांस्कृतिक विरासत की ताकत के बारे में एक शक्तिशाली और गौरवपूर्ण संदेश देती है। इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनना हमारे लिए सम्मान की बात है। रिकी केज ने कहा कि यह परियोजना संगीत की शक्ति का एक प्रमाण है, जो लोगों को एक साथ लाता है। यह हमारे विविध विरासत का उत्सव और भारत की भावना को सम्मानित करता है। हम ने जो हासिल किया है, उस पर मुझे अत्यंत गर्व है।

## अग्रवाल समाज समिति की बैठक आयोजित : नवयुवक मंडल अध्यक्ष रजत जिंदल व महिला मंडल अध्यक्ष लाजवन्ती देवी को नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( नि.स. )।** स्थानीय अग्रसेन भवन में अध्यक्ष योगेश शरण बंसल की अध्यक्षता में अग्रवाल समाज समिति की बैठक आयोजित की गई ।जिसमें अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाने के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। एवं नवयुवक मंडल वह महिला मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं महामंत्री की नामो की घोषणा भी की गई। जिसमें नवयुवक मंडल का कार्यवाहक अध्यक्ष रजत जिंदल जिंदल व महामंत्री सीताराम बंसल एवं महिला मंडल की कार्यवाहक अध्यक्ष लाजवन्ती देवी व महामंत्री श्रीमती जया बिरमीवाल को नियुक्त किया गया। अध्यक्ष योगेश शरण बंसल ने बताया की सेठ रामोतार मूलचंद चेरीटेबल ट्रस्ट गांधीधाम गुजरात द्वारा 21 अगस्त 2024 के बाद उत्पन्न तीसरी लड़की के विवाह पर 50हजार की जगह एक लाख की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। बैठक में अध्यक्ष योगेश शरण बंसल ,उपाध्यक्ष कुलदीप बंसल, महामंत्री नितेश बंसल ,कोषाध्यक्ष नरसिंह दास अग्रवाल व विशेष आमंत्रित सदस्य अमरनाथ बंसल कार्यकारिणी सदस्य सुभाष बंसल, दिनेश सिंघल ,लक्ष्मी नारायण गुरूजी ,दीपक ततारपुरिया ,राजेश बंसल, हेमन्त मोरीजावाला ,योगेश गुप्ता,अशोक बंसल,सावरमल गोयल, संगम बंसल ,मनोज अग्रवाल, दिनेश मित्तल, सुरेश बंसल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** कस्बे के राजकीय बी.डी.एम. जिला चिकित्सालय मे राष्ट्रीय अन्धता एवं दृष्टिशीणता नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत आमजन मे नेत्रदान हेतु जागरूकता बढाने हेतु एवं अंधता निवारण शिक्षा से सम्बधिंत एवं अन्य प्रेरक प्रयासो को तेज करने हेतु प्रतिवर्ष की भांति दिनांक 25 अगस्त से 08 सितम्बर 2024 तक राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। उक्त पखवाड़ा मे डा. चैतन्य रावत, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, डा. ममता वर्मा, वरिष्ठ विशेषज्ञ (नेत्र रोग), डा. पुष्कर राज गुर्जर, कनिष्ठ विशेषज्ञ (नेत्र रोग), डा. विकम यादव, चिकित्सा अधिकारी (नेत्र रोग) एवं राजेन्द्र प्रसाद खोजा, वरि. नर्सिंग अधिकारी,सुरेश कुमार गुर्जर, नर्सिंग अधिकारी, सरस्वति जांगिड़, कुलदीप जांगिड़, मीता सैनी,सुमेर गुर्जर, गुरूमेश कुमावत, सुन्दर लाल सैनी, मुकेश यादव,जयराम जाट एवं अनेक मरीज एवं उनके परिजन उपस्थिति रहे।

## दीपावली के अवसर पर विस्फोटक (आतिशबाजी) के अस्थाई अनुज्ञापत्र के लिए आवेदन आमंत्रित-कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** दीपावली के अवसर पर विस्फोटक (आतिशबाजी) के अस्थाई अनुज्ञापत्र थाना कोटपूतली, प्रागपुरा, विराटनगर, भाबरू, सरूण्ड, महिला थाना कोटपूतली, पनियाला के लिए 19 अक्टूबर 2024 से 02 नवंबर 2024 तक जारी किये जायेंगे। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि पात्र आवेदक निर्धारित प्रपत्र में 20 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदक अपने आवेदन प्रपत्र स्पष्ट रूप से भरकर अपने थाना क्षेत्र के सम्बन्धित उपखण्ड क्षेत्र के कार्यालय में कार्यालय समय पर प्रस्तुत करें ।उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र के साथ प्रस्तावित स्थल का ब्ल्यू प्रिंट मानचित्र की 5 प्रतियां जिसमें आस-पास के व्यावसायिक स्थलों का स्पष्ट रूप से अंकन हो तथा साथ में शपथ पत्र, किरायानामा,स्वामित्व के कागजात की प्रमाणित फोटो प्रति एवं स्वयं के पासपोर्ट साईज की 2 फोटो संलग्न की जावे। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा ।

## नयापुरा मंडल की कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** सदस्यता अभियान 2024 के तहत नयापुरा मंडल की कार्यशाला सीसीआई कोचिंग इंस्टीट्यूट, आकाश वाणी पर आयोजित की गई। कार्यशाला मे सदस्यता अभियान के बारे में विस्तार जानकारी दी गई, साथ ही निर्धारित लक्ष्य से अधिक भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनाने लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प लिया गया।

## एम पॉक्स वायरस की मौजूदा स्थिति पर भारत कितना चाकचौबंद : डॉ. लियाकत अली मंसूरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** एमपॉक्स को पहले मंकीपॉक्स के नाम से जाना जाता था यह दुर्लभ बीमारी है जो वायरस के कारण होती है । चेचक के वायरस की तरह ही यह ऑर्थोपॉक्सवायरस जीनस का सदस्य है । यह किसी भी जन्तु को प्रभावित कर सकता हैं।

**एमपॉक्स की जंगली स्थिति :** पहले यह मुख्यत: अफ्रीका में पाया जाता था, लेकिन अब यह संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों में भी फैल चुका है। भारत के पड़ोसी देशों में इसका प्रसार जारी है, जिससे भारत के लिए भी खतरा उत्पन्न हो गया है।

### लक्षण और प्रभाव

एमपॉक्स के प्रारंभिक लक्षण फ्लू जैसे होते हैं: बुखार, खरोंच, सूजी हुई लिम्फ नोड्स, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और थकान। इसके बाद त्वचा पर लाल धब्बों और फफोलों की तरह दाने निकलते हैं, जो द्रव और मवाद से भरे होते हैं और बाद में पपड़ी में बदल जाते हैं। गंभीर मामलों में निमोनिया, सांस लेने में कठिनाई, दिमाग में सूजन, और आंखों में संक्रमण जैसी समस्याएँ भी हो सकती हैं।

### संक्रमण का प्रसार

एमपॉक्स संक्रमित व्यक्ति या जानवर के संपर्क से फैलता है। यह शारीरिक तरल पदार्थों, पपड़ी, और संक्रमित वस्त्रों के संपर्क से भी हो सकता है।


### यूनानी उपचार की भूमिका

यूनानी चिकित्सा के अंतर्गत शर्बत खाकसी, खमीरा आबरेशम, शर्बत उन्नाव और अर्क शाहतरा जैसे उपचार दिए जाते हैं। त्वचा पर मरहम काफूरी का उपयोग और नीम के पत्तों के उबले पानी से स्नान करने से भी राहत मिलती है।

### रोकथाम और सावधानियां

- **टीकाकरण**-चेचक के टीके लगवाना जरूरी है।
- **संक्रमण से बचाव**-संक्रमित जानवरों और व्यक्तियों से दूरी बनाना और संक्रमित वस्त्रों से बचना।
- **स्वच्छता**-हाथों को बार-बार धोना और सार्वजनिक सतहों को कीटाणुरहित करना।
- **सुरक्षित यौन संबंध**-कंडोम और डेंटल डैम का उपयोग करना।
- **मास्क का उपयोग**-सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना।

**निष्कर्ष :** भारत को एमपॉक्स के खतरे से निपटने के लिए सतर्कता बढ़ाने की आवश्यकता है। टीकाकरण, स्वच्छता, और संक्रमित लोगों से बचाव के उपाय अपनाकर इस वायरस के प्रसार को नियंत्रित किया जा सकता है।





# खेल दिवस पर ऐश्वर्या कॉलेज में सम्मान समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** ऐश्वर्या कॉलेज में आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ऐश्वर्या स्पोर्ट्स अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में आईपीडीजी रोटरी डॉ निर्मल कुणावत और असिस्टेंट डायरेक्टर फिलिकल एजुकेशन मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय डॉ हेमराज चौधरी मौजूद थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति वंदना एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उदयपुर के विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। छात्रा निशा एवं कनिष्का पाटवा द्वारा अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। समारोह में छात्रा कृष्णा माली द्वारा मेजर ध्यानचंद के जीवन से संबंधित प्रेरणादायीं प्रसंगों पर संभाषण प्रस्तुत किया। रक्षा जैन ने खेलों का महत्व बताते हुए खेलों के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक तंदुरुस्ती और टीम वर्क के लाभों के बारें में बताया। समारोह में जिले, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 120 से अधिक विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथि डॉ.कुणावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की खेल केवल एक गतिविधि नहीं बल्कि समर्पण और मेहनत का प्रतीक है। सपने बड़े देखो और उन्हें सच करने के लिए खेलों मकें अपना सर्वस्व अर्पित करो। मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। छात्रा सेजल गायरी, हर्षिता राव, जिया पंचोली एवं पूजा झाला द्वारा सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर अतिथि डॉ चौधरी ने विद्यार्थियों से कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह के आयोजन से विद्यार्थियों का खेलों के प्रति उत्साह और बढ़ता है। जो विद्यार्थी अपने लक्ष्य की और पूर्ण समर्पण एवं लगन के साथ आगे बढ़ता है वो सफलता अवश्य प्राप्त करता है। इस अवसर पर द स्टडी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, ए वन स्कूल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, फतह सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, गुरु नानक स्कूल, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय आयड़, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 4, शिशु भारती सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, भूपालपुरा एवं अन्य विद्यालयों के 120 से अधिक विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ ऋतु पालीवाल, प्राचार्या ऐश्वर्या पीजी कॉलेज ने सभी सम्मानित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा की आपकी मेहनत और लगन ही आपकी असली शक्ति हैं। हमेशा स्वयं पर विश्वास रखते हुए जीवन में आगे बढ़े। कार्यक्रम में डॉ गजाराम सिरवी, प्राचार्य ऐश्वर्या फार्मेसी कॉलेज, डॉ निधि व्यास, प्राचार्या ऐश्वर्या इंस्टिट्यूट ऑफ मेनेजमेंट एण्ड आईटी एवं सभी व्याख्याता व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजस्व कोर्ट लगाकर लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के जिला कलेक्टर ने दिये आदेश

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने राजस्व अधिकारियों की बैठक मे कहा कि काफी समय से लंबित राजस्व से जुड़े प्रकरणों का जल्द से जल्द निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि निरंतर रूप से राजस्व कोर्ट लगाकर फाइलों के जल्द निस्तारण करने का प्रयास करे। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल गुरुवार को कलेक्ट्रेट में राजस्व विभाग की कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियो निर्देशित कर रहे थे। जिला कलेक्टर ने बैठक में राजस्व से जुड़े विभिन्न प्रकरणों पर विस्तार से समीक्षा की । जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को राजस्व से जुड़ी समस्याएं पूछी एवं संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में वर्तमान राजस्व मुकदमो की स्थिति पर चर्चा की एवं लंबित मामलों के जल्द



निस्तारण के निर्देश दिए । उन्होंने अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली एवं निर्देश दिए कि अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध निरंतर रूप से प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने प्रशासन, पुलिस व खनन विभाग का संयुक्त दल बनाकर अवैध खनन पर बारीकी से निगरानी रखने एवं शिकायत मिलने पर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन विभागों में ई-फाइल का कार्य व्यवस्थित रूप से शुरू नहीं हुआ है वहा भी ई फाइल से कार्य करना सुनिश्चित करें साथ ही फाइलों के निस्तारण जल्द कर एवरेज समय को कम करे । उन्होंने संपर्क पोर्टल के प्रकरणों के प्रभावी एवं समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला स्तरीय अधिकारियों से विभिन्न विभागों से संबंधित भूमि आवंटन के प्रस्तावो की स्थिति की जानकारी ली एवं लंबित प्रस्तावों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने निर्देश दिए की जिले के उपखंड अधिकारी जलदाय व विद्युत विभाग के अधिकारियों से पेयजल व विद्युत सप्लाई को लेकर नियमित मॉनिटरिंग करें। पेयजल आपूर्ति से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या का तुरंत निस्तारण करें। सभी राजकीय कार्यालय एवं शौचालय में साफ सफाई रहे साथ ही जिले में अपराध एवं यातायात पर बेहतर नियंत्रण रखे। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर लक्ष्मीकांत बालोत सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, जिले के समस्त उपखंड अधिकारीगण एवं तहसीलदार मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये आवारा पशुओं के गले मे लगाना होगा रिफलेक्टर,

## सड़कों के किनारे हो रखे अतिक्रमण को भी हटाने के दिये आदेश

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, रोकने एवं दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य प्रभावी कार्य करें। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आवारा पशुओ के गले में रिफ्लेक्टर लगाए एवं सड़कों के किनारे से अवैध अतिक्रमण को सख्ती से हटाया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर अवैध स्थानो पर पार्किंग को सख्ती से रोकने के साथ ही ओवरलोडिंग वाहनों पर भी कार्रवाई करें। उन्होंने सड़कों पर अवैध कट को बंद करने ब्लैक स्पॉट के चिन्हीकरण करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए । इस अवसर पर एडीएम लक्ष्मीकांत बालोत ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करवाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा भी लगातार चालान की कार्रवाई की जाए एवं भविष्य में भी दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए अभियान चलाकर यातायात नियमों की पालना करवाये। बैठक में सचिव पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार



तंवर ने सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों के समक्ष बैठक एजेंडा एवं उच्चतम न्यायालय सड़क सुरक्षा समिति भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर सड़क सुरक्षा के क्रम में जारी दिशा निर्देशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उक्त बैठक में जिले के समस्त उपखंड अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक राजेश कसाणा, नगर परिषद आयुक्त श्रवणराम सहित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

# राज्य में 50 फर्मों पर कार्रवाई कर 71 हजार 500 रूपये का जुर्माना लगाया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा चलाये जा रहे कंज्यूमर केयर अभियान में बारहवे दिन गुरूवार को 50 फर्मो पर विधिक मापविज्ञान अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई की गई । इनमें से 34 फर्मो पर सत्यापन प्रमाण पत्र एवं सत्यापित बाट माप नही पाये गये। टीमों ने फर्मो के विरूद्ध मौके पर ही नोटिस जारी करने की कार्रवाई कर 71 हजार 500 रूपये का जुर्माना लगाया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री श्री सुमित गोदारा ने बताया कि कंज्यूमर केयर अभियान आगामी 31 अगस्त तक नियमित रूप से चलाया जायेगा। इस अभियान का उद्देश्य व्यापारियों को उपभोक्ताओं के व्यापक हित में सही माप तौल करने के लिये प्रेरित करने के साथ ही उपभोक्ताओं को उनके मूल अधिकारों के बारे में सूचित किये जाने तथा उपभोक्ता शिक्षा का प्रसार करना है। किसी भी प्रकार की सेवा एवं वस्तुएं जो राशि देकर प्राप्त की गई है, उन सेवाओं और वस्तुओं की मानक, मात्रा एवं सही माप तौल उपभोक्ता का विधिक अधिकार है इन अधिकारों के उल्लंघन पर उपभोक्ता, उपभोक्ता मामले विभाग को शिकायत कर सकता है। उपभोक्ता हैल्पलाइन एयरलाइन, ऑटोमोबाइल, बैकिंग, ड्रग्स एवं मेडिसिन, विद्युत, फूड, पेट्रोलियम, इंश्योरेन्स, टेलिकॉम जैसे सभी महत्वपूर्ण विषयों पर राज्य उपभोक्ता हैल्पलाइन नं. 18001806030 एवं वाटसएप नं. 7230086030 पर शिकायत की जा सकती है।

# इनरव्हील क्लब उदयपुर द्वारा पंचतत्वों से स्वस्थ शरीर विषय पर हेल्थ सेमिनार आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**ज**प्रकृति प्रदत्त पंचतत्व हवा पानी अग्नि वायु मिट्टी जिससे हमारा यह शरीर बना है उन्हीं के इस्तेमाल से शरीर को स्वस्थ कैसे रखा जाए इस विषय पर इनरव्हील क्लब द्वारा हेल्थ सेमिनार होटल शुद्धिविला में रखा गया। इनरव्हील क्लब अध्यक्ष चंद्रकला कोठारी ने कहा कि व्यक्ति अगर भोजन को ही दवा बना ले तो उसे कोई बीमारी नहीं होगी और किसी भी तरह की दवा लेने की जरूरत नहीं पड़ी पड़ेगी। इसकी विस्तृत जानकारी इस हेल्थ सेमिनार में दी गई जिसका क्लब सदस्यों ने भरपूर फायदा उठाया। इनर व्हील क्लब सेक्रेटरी डॉ सीमा चंपावत ने कहा कि इस हेल्थ सेमिनार में यह बहुत रोचक रहा कि हमारे शरीर में जितनी भी बीमारियां हैं वह हमारे खाने पीने की गलत आदतों गलत समय और गलत क्वांटिटी की वजह से होती है चाहे वह कैंसर है डायबिटीज है बीपी है गैस एसिडिटी है या इसी तरह का कुछ भी । हम वृहद स्तर पर कोशिश कर रहे हैं कि आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का अभियान चलें। इस हेल्थ सेमिनार की मुख्य वक्ता डॉ.रेखा सोनी ने कहा कि प्रकृति के पांच तत्वों में हमारे शरीर को बीमार नहीं होने देने और उसे स्वस्थ करने के बहुत आसान और सर्वसुलभ उपाय मौजूद है बस उन्हें अपनाने की देर है। पुराने वक्त में जब नब्ज जबान और आंखें देखकर इलाज कर लिया जाता था फिर से इस पद्धति पर आने की जरूरत है। व्यक्ति फिर से प्रकृति के बीच लौटना चाहता है क्योंकि उसे असल सुकून वहीं पर मिलता है और हम उनकी सहायता करते हैं। इनरव्हील क्लब की सदस्याओं ने चढ़कर हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम में रक्ष्मी पगारिया बबिता जैन माया कुंभट वंदना शर्मा रेखा सोनी चंद्रकला कोठारी और डॉ सीमा चंपावत आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वास्थ्यवर्धक पोषक आहार का आनंद उठाया जिसमें मिलेट से बने विभिन्न व्यंजन परोसे गए। साथ ही उन्हें बनाने का आसान तरीका भी बताया गया।

# गुप्त दान देने का झांसा देकर जेवरात की ठगी करने वाले दो ठग गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** चौमूं थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुप्त दान देने का झांसा देकर सोने-चांदी के जेवरात की ठगी करने वाले दो ठगों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि चौमूं थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुप्त दान देने का झांसा देकर सोने-चांदी के जेवरात की ठगी करने वाले हासीम शेख कादिर उर्फ साहिल (39)निवासी सेधवा जिला बडवानी(मध्यप्रदेश) हाल झोटवाडा जयपुर और अकरम हुसैन(26) निवासी दतिया(मध्य प्रदेश) हाल झोटवाडा जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित वारदात करने के बाद अपनी पहचान छिपाने के लिए हर दस किलोमीटर में अपने कपडे बदलते रहते है और कैमरों से बचने के लिए चेहरे पर मास्क और टोपी सहित चश्मा लगाते है। पुलिस ने वारदात के बाद पचास किलोमीटर की दूरी के बीच सैकड़ों कैमरों को खंगालते हुए उन्हें चिन्हित करते हुए पकड़ा है। पुलिस ने इनके पास से वारदात में प्रयुक्त बिना नम्बर की दुपहिया वाहन जब्त भी किया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# खेलों में असीम कैरियर संभावनाएं, युवाओं को मिले अवसर : राहड़

## खेल सप्ताह अंतर्गत हुआ तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस 29 अगस्त के सिलसिले में जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशानुसार चल रहे खेल सप्ताह अंतर्गत बुधवार को जिला स्टेडियम में तीरंदाजी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बुधवार शाम आयोजित मेडल सेरेमनी में प्रधान दीपचंद राहड़, एडीपीआर कुमार अजय, जिला खेल अधिकारी प्रकाश राम ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधान दीपचंद राहड़ ने बताया कि जिले में खेलों को लेकर एक सकारात्मक वातावरण देखने को मिल रहा है। जिले के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर तक चूरू का नाम रोशन किया है। हमारे युवाओं को खेलों की दिशा में भी आगे बना चाहिए क्योंकि खेलों में असीम कैरियर संभावनाएं हैं।

# विप्र फाऊंडेशन युवा प्रकोष्ठ सरदारशहर के राजपूरोहित नगर अध्यक्ष और सेवदा देहात अध्यक्ष मनोनीत

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** विप्र फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्रा के आदेशानुसार प्रदेश संगठन महामंत्री दिनेश ओझा, प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा के निर्देशानुसार चूरू जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने चुरू जिले की सभी तहसीलों के युवा अध्यक्ष की नियुक्ति के अंतर्गत सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र सिंह राजपुरोहित को सरदारशहर नगर अध्यक्ष एवं मांगीलाल सेवदा को देहात अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर विप्र फाउंडेशन प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, प्रदेश सचिव श्याम लाल जोशी, नारायण चन्द नाथोलिया, कमल पुजारी, श्याम सुंदर धर्ड़, नारायण लाटा, अशोक पारीक, भरत गौड़, पवन चोटिया, राजकुमार गौड़, मदन मिश्र, प्रमोद राजपुरोहित, सचिन शर्मा, ललित राजपुरोहित, वरूण शर्मा, पंडित कैलाश चोमाल, नरपतिचंद्र पारीक, विनोद पारीक, शिव शंकर शर्मा, बाबूलाल नाई, छह राजू मोदी, ओमप्रकाश जागरवाल, भगवत सिंह, श्याम सुन्दर, शिव सिंह सवाई बड़ी, गिरधारी राजपुरोहित, सुनील जागरवाल, बुलाकी शर्मा, प्रवीण भोजक, लोकेश पारीक, राजेन्द्र तिवाड़ी, पवन शर्मा, एडवोकेट अश्वनी शर्मा, प्रशांत पारीक, मुरली बोचीवाल, जगदीश जोशी,एडवोकेट नितेश भोजक, राधेश्याम शर्मा ,गजानंद शर्मा,गौरीशंकर पारीक, गोवर्धन सेवदा, यश धर्ड, महेंद्र सारण



सहीत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राजपुरोहित और सेवदा को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने कहा कि



संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है, उसका पूर्ण ईमानदारी से निर्वहन करूंगा और विप्र समाज की प्रगति हेतु सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जायेगा।

# भाजपा के राज में भाजपा के पार्षदों की नहीं हो रही सुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** नगर परिषद के वार्ड सं. 57 के पार्षद कुलदीप बोहरा ने अपने ही पार्टी के सभापति नरेश कनौजिया के सामने बाहरी वार्ड के क्षेत्रों में अव्यवस्थाओं को लेकर रोष व्यक्त किया।

इतना ही नहीं वार्ड सं. 57 के पार्षद श्री बोहरा ने अपने वार्ड की कई समस्याओं को गिनाते हुये नगर परिषद के सभापति को आडे हाथों लेते हुये कहा कि जब भाजपा के राज में भाजपा समर्थित पार्षद ही दुखी रहे तो इससे ज्यादा हमारी किरकिरी और क्या होगी।

पार्षद कुलदीप बोहरा ने नगर परिषद सभापति नगर कनौजिया को जानकारी देते हुये बताया कि बाहरी वार्ड मे बनी कच्ची कोलोनियों में मिट्टी, मलबा व पक्की सड़कों का निर्माण कार्य व वार्ड क्षेत्रो में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को चालू करवाने व बड़े नालो पर फेरोब्लोक लगाने और शहर भर की सड़कों गलियों में लावारिस घूम रहे आवारा जानवरों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की मांग की हैं। उन्होंने बताया शहर की कई आवारा जानवरों के लडने से कई बार लोग चोटिल हो चुके हैं। वर्तमान में मसूदा रॉड पर 300 से 400 गायो का जमावड़ा लगा हुआ है। इसी तरह देलवाड़ा रोड स्थित ब्रिज के आस पास भी भारी मात्रा में आवारा जानवर घुमते नजर आते हैं। श्री बोहरा ने आरोप लगाते हुये कहा आवारा जानवरों को पकडने वाली गैंग बजाय दुर दराज के क्षेत्रों में छोडने के वह राष्ट्रीय राजमार्गो पर ही छोडकर अपनी इतिश्री कर लेते हैं जिससे आम आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और कई जगह आवागमन बाधित होता है।

# व्यक्ति पुराने आघातों को याद और वैर वैमनस्य की गाठ बांध कर मस्तिष्क को डस्टबिन बना रहा : संयम ज्योति

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सुरजपोल बाहर स्थित दादाबाड़ी में श्री जैन श्वेताम्बर वासुपूज्य महाराज मन्दिर का ट्रस्ट द्वारा आयोजित किये जा रहे चातर्मास में समता मूर्ति साध्वी जयप्रभा की सुशिष्या साध्वी डॉ. संयम ज्योति ने कहा कि भौतिक दृष्टि से जो सम्पन्न है, परंतु आध्यात्मिक दृष्टि से जो सम्पन्न नहीं है, जो ग्रंथी विमोचन नही करता है, वैर वैमनस्य की गाँठे बांधता है, वह भिखारी है, दया का पात्र है। साध्वी ने कहा कि जो आध्यात्मिक दृष्टि से सम्पन्न है, ग्रंथी विमोचन करता है, किसी प्रकार की गांठ नहीं बाँधता है दूसरो के ग्रंथी विमोचन में सहायक बनता है, वह सम्राट है, प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपने घर में कचरा नहीं रखता, घर के बाहर कोई कचरा डाल देता है तो उसे तुरन्त हटाता है परंतु समझ में नहीं आता अपने मस्तिष्क को क्यों डेस्टबिन बनाता है।

# 3 दिवसीय तेजा मेला इस बार सुभाष उद्यान मे भरेगा अथवा पृथ्वीराज चैहान स्टेडियम पर संशय की स्थिति

## मेला उप संयोजक भाजपा का या कांग्रेस का, गोपाल सिंह बने मेला संयोजक

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( नि.स. )।** प्रदेश का ऐतिहासिक लोक देवता वीर तेजाजी महाराज का 3 दिवसीय मेला आगामी 12 सितम्बर से आयोजित होगा। इस मेले में लगभग डेढ लाख से अधिक महिला, पुरूष व बच्चे मेले का लुत्फ उठाते हैं। 3 दिवसीय मेले में खेलकुद, सांस्कृतिक कार्यक्रम व कुश्ती आदि प्रतियोगिताओं का प्रदर्शन किया जाता हैं। इन सभी को देखने के लिये मेले में दुर दराज क्षेत्र के लोग भी अवकाश लेकर यहां पहुंचते हैं और इस मौके पर लोक देवता वीर तेजाजी के थान पर बाटी चुरमे व नारियल का भोग लगाकर अपने क्षेत्र के लिये, अपने घर परिवार के लिये मन्नते व खुशहाली की दुआ करते हैं। लेकिन इस बार मेला ब्यावर के सुभाष उद्यान में ही भरा जायेगा या फिर पृथ्वीराज चैहान स्टेडियम पर। इस बात को लेकर लोगों में संशय बना हुआ हैं।

पिछले कई लंबे अरसों से ब्यावर में भरे जाने वाला लोक देवता वीर तेजाजी का मेला इस बार कितना ऐतिहासिक होता है इस बात को



लेकर लोगों में अविश्वास बना हुआ हैं। चूंकि स्थायी मेला स्थल सुभाष उद्यान में पुरानी दिवारे ढह रही हैं, तालाब की पाल टूटी पडी हैं, सुभाष उद्यान में बना बंदे की दीवार क्षतिग्रस्त हैं। इसके अलावा कई स्थानों पर पानी व किचड के जमा हो जाने के कारण मेले मे लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पडता हैं।

भारतीय जनता पार्टी के सभापति नरेश कनौजिया ने अपने ही पार्टी के पार्षद को मेला संयोजक बनवाकर तीर तो मार लिया लेकिन उपसंयोजक बनाने में बडी



कठिनाईयों का सामना करना पड रहा हैं। जहां एक और भाजपा के अधीकांक्ष पार्षद अपने ही सभापति से नाराज चल रहे हैं तो वहीं कुछ कांग्रेसी पार्षदों ने भाजपा सभापति श्री कनौजिया के साथ अपना गठबन्धन बनाये रखे हैं। मेले में उप संयोजक बनाने को लेकर भाजपा के कुछ पार्षदों की राय लेकर भाजपा पार्षद को ही उप संयोजक बनाये जाने का प्रयास किया जा रहा हैं। लेकिन कांग्रेस के पार्षद भी उप संयोजक बनने से पीछे नहीं हैं।

# टाईगर के नरभक्षी बनने का इंतजार कर रही है सरकार

## पिछले कई दिनों से हरियाणा में घूम रहा है टाईगर एसटी-2303, टाईगर के सामने मरो या मारो के हालात-विभाग मौन

रूपक शर्मा



**अलवर ( बढ़ता राजस्थान )।** पिछले कई दिनों से सरिस्का बाघ अभ्यारण से निकाला टाईगर एसटी-2303 फिलहाल अपनी सीमा लांध कर हरियाणा सीमा में चला गया है जहां कुछ दिनों पहले ग्रामीणों पर हमला भी कर डाला था उसने। अब बात ये आती है कि आखिर वन प्रशासन प विभाग किसका इंतजार कर रहा है बाघ द्वारा आदमियों को मार कर नरभक्षी बन जाने का या फिर ग्रामीणों द्वारा उसे मार डालने का ये मेरी समझ से परे है। अलवर से दो मिनिस्टर एक राज्य में एक केन्द्र में वन विभाग के आका हैं उसके बावजूद टाईगर को वापिस लाने के लिए उचित प्रयास शायद नही किए जा रहे हैं। सही मायने में टाईगर एसटी-2303 बहुत बेहतरीन बाघ है लेकिन भटकाव व चलते रहने की प्रकृति के कारण अपनी हद से बाहर आ गया है। ये मामला इसी साल में दूसरी बार हुआ है कि सरिस्का टाइगर रिजर्व से नर बाघ एसटी-2303 लगभग 100 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद सीमा पार कर हरियाणा के रेवाड़ी जिले के झाबुआ रिजर्व फॉरेस्ट में पहुंच गया है। तलाशी अभियान जारी है, लेकिन खड़ी फसल, बारिश, अपरिचित इलाके और जंगली इलाकों के कारण बाघ का पता लगाना मुश्किल सा साबित होता जा रहा है। सरिस्का के डीएफओ राजेंदर हुडा ने कहा वक्तव्य दिया है कि हमारी टीम लगातार बाघ की गतिविधियों पर नजर रख रही है और वह हरियाणा के झाबुआ में प्रवेश कर चुका है। हालांकि हमें पग-चिह्न मिले हैं, लेकिन बाघ का पता नहीं चल सका है। बाघ रास्ते से परिचित है और जनवरी में भी यहाँ आये थे। लगभग 4 साल का बाघ अपने पिता एसटी-18 द्वारा बाहर धकेले जाने के बाद रिजर्व से बाहर चला गया और पड़ोसी राज्य में पहुंच गया है। वन्यजीव अधिकारियों ने कहा कि नर बाघ के क्षेत्र में शुरू में करणी माता और बाला किला क्षेत्र शामिल थे, लेकिन दूसरे नर के संघर्ष के कारण उसे भागना पड़ा है। बाहर जाने के बाद, वह कुछ समय तक सिलीसेढ़ क्षेत्र में रहा था और अंत में अलवर के खैरथल और गोतहदी क्षेत्र में चला गया। वह हरियाणा में कुछ दिन रहने के बादए बेहोश किए बिना, अपने दम पर राजस्थान लौट आया। हालाँकि, वह अपने प्रारंभिक क्षेत्र में वापस नहीं लौटा और मानव बस्तियों के पास रहने लगा एक वन कर्मचारी ने कहा। अब तक, बाघ ने पांच लोगों पर हमला किया है और विशेषज्ञों को डर है कि इसे जल्द से जल्द शांत किया जाना चाहिए और एक और मानव-पशु संघर्ष होने से पहले सुरक्षित निवास स्थान में छोड़ दिया जाना चाहिए नहीं तो वह आदमखोर बन सकता है।

### बाघों की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों का विस्थापन बेहद जरूरी : दुर्रानी



सरिस्का टाइगर फाउंडेशन के सचिव व वन्यजीव प्रेमी दिनेश दुर्रानी ने कहा है कि टाईगर नरभक्षी ना बन जाए इसके लिए उसकी वापसी पर पूरा ध्यान देना चाहिए। बाघिन की महक का स्प्रे किया जाना,बाधिन की आवाज को रिकार्ड कर उसे नर बाघ को सुनाए जाना व पिंजरा लगाए जाने जैसे नीति पर भी कार्य करना चाहिए । हमारा टाईगर कैसे भी वापिस सुरक्षित हमारे पास आ जाए ऐसी कामना करते हैं। इसके उपरांत नर बाघ को कालीघाटी क्षेत्र में छोड़ा जाना चाहिए, जो एक प्राचीन जंगल है और बाघों के लिए सबसे उपयुक्त है उसके बावजूद ये जंगल खाली पड़ा हुआ है। मुख्य क्षेत्र के ग्रामीण परिवारों को यहां से हटाकर पुन: स्थापित किया जाना बेहद जरूरी है। सरिस्का के सबसे सघन वन क्षेत्र कालीघाटी पर बाघों का विचरण ना करना बेहद गंभीर है ऐसे में ग्रामीणों के साथ वार्ता कर वि:स्थापन 2008 को रद् कर नई नीति के आधार पर 2024 के आधार पर ग्रामीणों का वि:स्थापन किया जाना चाहिए ताकि बाघों को सुरक्षा मिल सके।

### टाईगर को वापस लाने के लिए वन विभाग की टीम मुस्तैदी से कर रही है काम : वन मंत्री संजय शर्मा



राजस्थान सरकार के वन मंत्री संजय शर्मा ने बात करते हुए कहा कि टाईगर पर विभाग के आलाधिकारी नजर बनाए हुए हैं बारिश के बाद बाजरे के खेतों में टाईगर का छुपना वनकर्मियों के लिए परेशानी का सबस बना हुआ है लेकिन लगातार टीमें मानेटिरिंग कर रही हैं ग्रामीणों को समझाईश कर रही हैं ताकि बाघ को भी नुकसान ना हो और बाघ के द्वारा भी किसी का नुकसान ना हो। लगातार प्रयास जारी हैं फिर भी आज विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हैं कि वे सतत प्रयास करें।

# आज पूरे विश्व में भाजपा सबसे बड़ा राजनीतिक दल है : सत्येंद्र पाराशर




बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** आज भारतीय जनता पार्टी मंडल बसेड़ी एवं जारगा संयुक्त सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन सिकरवार गार्डन मंडल अध्यक्ष मोहन प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर सदस्यता अभियान के विधानसभा संयोजक पूर्व जिला महामंत्री भानु प्रताप रहे एवं विशिष्ट अतिथि में सदस्यता अभियान जिला सहसंयोजक जिला उपाध्यक्ष मुकेश हनुमानपुरा बसेड़ी मंडल प्रभारी जिला महामंत्री अनिल गोयल जारगा मंडल प्रभारी जिला मंत्री आर के जादौन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रचलित कर की गई । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर ने बताया कि यह सदस्यता अभियान पूरे राष्ट्र और प्रदेश नेतृत्व के अनुसार एक महापर्व के रूप में इस कार्यक्रम को चलाया जाएगा । इस कार्यक्रम में प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है इसलिए आज भी भाजपा पार्टी पूरे विश्व में सबसे बड़ा राजनीतिक दल है । जिला उपाध्यक्ष मुकेश ने भी कहां की जिस बूथ पर हम निवास करते हैं उस बूथ से भाजपा को जिताना है । जिला महामंत्री अनिल गोयल ने बताया कि सदस्यता अभियान में भाजपा पार्टी से विचार रखने वाले कार्यकर्ता को ही हमको भाजपा का सदस्य बनना है जिला मंत्री आर के जादौन ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से सभी को बताया। इस मौके पर और सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें अंत में पूर्व जिला महामंत्री भानु प्रताप ने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया ।सदस्यता अभियान में जारगा मण्डल के सयोजक सुमेश परमार, सह सयोजक रविंद्र शर्मा,बसेड़ी मण्डल सयोजक महेंद्र कोली, सह सयोजक पीयूष शर्मा रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन सत्यवीर चौहान ने किया। इस मौके पर सुरेश बाबा पुठपुरा पूर्व मण्डल अध्यक्ष, जगदीश सिंह जी, लोकेन्द्र सिंह जी पूर्व मण्डल महामंत्री,मण्डल महामंत्री रामलखन परमार जी, मनोज पहाड़िया जी,बृजेन्द्र सिंह सिकरवार पूर्व मण्डल महामंत्री, बंगाली सिंह परमार , सत्यपाल गुर्जर जिला मंत्री किसान मोर्चा, गिरीश जगरिया मण्डल उपाध्यक्ष, वीरेंद्र कुशवाह , बदन सिंह कोषाध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ता एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

# बुधवार को डाई नदी में बहे दोनों युवकों के शव मिले परिवार में मचा कोहराम व बिड़ला गांव में छाया शोक

बढता राजस्थान





**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी जिले के सरवाड़ क्षेत्र में हिंगोनिया-सापुन्दा मार्ग पर बुधवार को डाई नदी में बहे दोनों युवकों के शव गुरुवार को मिल गए। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) व सिविल डिफेंस के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद इन्हें ढूंढ लिया। हादसे का शिकार हुए दोनों युवक पच्चीस वर्षीय जयपाल पुत्र रामलाल जाट व बाइस वर्षीय घीसालाल पुत्र रामदेव जाट बिड़ला गांव के निवासी है तथा रिश्ते में चचेरे भाई है। हादसे से युवकों के परिवार में कोहराम मच गया, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया तथा पूरे बिड़ला गांव में गहरा शोक व्याप्त हो गया है। बताया गया कि कुछ दिन पूर्व इसी परिवार में चाचा की भी मृत्यु हो गई थी। घटना के मुताबिक बुधवार को हिंगोनिया से सापुन्दा जा रहे इन दोनों युवकों ने बाइक से डाई नदी पर बनी इस रपट को पार करने की कोशिश की थी, मगर वे पानी के तेज बहाव में खुद को संभाल नहीं पाए और नदी में बह गए। मौके पर खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने उन्हें बचाने के प्रयास किये, मगर सफल न हो सके। सूचना पाकर एसडीआरएफ व सिविल डिफेंस की टीम भी मौके पर पहुंच गई और युवकों की तलाश में जुट गई। सूचना मिलने पर सरवाड़ उपखंड अधिकारी गुरुप्रसाद तंवर, पुलिस उपअधीक्षक हर्षित शर्मा, तहसीलदार रणछोड लाल व थाना प्रभारी सत्यवान मीणा भी मौके पर पहुंच गए थे। बुधवार को कड़ी मशक्कत के बाद भी उन्हें ढूंढा नहीं जा सका और अंधेरा होने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन बंद करना पड़ा। गुरुवार को वापस खोजबीन शुरू की गई और सुबह एक युवक जयपाल का शव रपट से थोड़ी दूर झाड़ियों में फंसा हुआ मिल गया। बाद में दोपहर को दूसरे युवक घीसालाल का शव भी ढूंढ लिया गया। पुलिस उपअधीक्षक हरीश शर्मा ने बताया कि दोनों शव राजकीय जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखें गए हैं, जिन्हें पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। गौरतलब है कि डाई नदी की इस रपट पर इन दिनों पानी का तेज बहाव चल रहा है। मंगलवार को भी एक युवक इस रपट को पार करने की कोशिश में बाइक सहित पानी के तेज बहाव में बह गया था, जिसे समय रहते ग्रामीणों की सजगता से सुरक्षित निकाल लिया गया था।

# केकड़ी क्षेत्र में गौवंश की सुरक्षा के लिए उनके गले में बांधे जा रहे है रेडियम बेल्ट, दुर्घटनाओं से बचाव के लिए ग्वाल शक्ति सेना की अनूठी पहल

बढता राजस्थान



**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी जिला क्षेत्र में गौमाता के संरक्षण और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उद्देश्य से एक अनूठी पहल की गई है। बेंगलोर के पन्नालाल गट्टूबाई चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में हजारों गायों को रेडियम बेल्ट बांधी जा रही है। ट्रस्ट के सौजन्य से केकडी क्षेत्र में यह बीड़ा ग्वाल शक्ति सेना ने उठाया है, जिसमें स्थानीय स्तर पर भी भरपूर समर्थन मिल रहा है।इस योजना का मुख्य उद्देश्य रात के समय सड़कों पर विचरण करने वाली गायों को सुरक्षित रखना है। गायों को रेडियम बेल्ट बांधने से वे रात के अंधेरे में भी वाहन चालकों को दूर से दिखाई देंगी, जिससे समय रहते वाहन चालकों को सड़क पर पसरी गायों के दृष्टिगोचर हो जाने से दुर्घटनाओं की संभावना अत्यंत कम हो जाएगी। यह पहल न केवल गायों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है।

ग्वाल शक्ति सेना के प्रमुख कैलाश माली ने बताया कि इस पहल के अंतर्गत अब तक हजारों गायों को रेडियम बेल्ट बांधी जा चुकी हैं। उनका कहना है कि केकड़ी क्षेत्र में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण व आवश्यक कदम है। उन्होंने इस मुहिम के लिए संसाधन उपलब्ध कराने के लिए ट्रस्ट का आभार जताया।

# पीएम श्री विद्यालय शेरपुर में बाल संसद एवं स्वच्छता स्काउट दलों का हुआ गठन

## कविता प्रधानमंत्री, देवकीनंदन शिक्षा मंत्री व भारती बघेल स्वच्छता मंत्री चुने गए

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** पीएमश्री महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल शेरपुर में वर्तमान शैक्षिक सत्र में छात्र-छात्राओं की बैठक में सर्वसम्मति से 37 सदस्यों की बाल संसद के पदाधिकारियों एवं कक्षा वार स्वच्छता स्काउट दलों का गठन किया गया ।विद्यालय के संस्था प्रधान राजेश शर्मा ने बाल संसद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके दायित्वों की जानकारी प्रदान कर शपथ दिलाकर विद्यालय परिसर ,कक्षा कक्षों को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई। स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने बताया कि राजस्थान प्रारंभिक शिक्षा परिषद के स्वच्छ भारत एवं स्वच्छ विद्यालय योजना के तहत सभी विद्यार्थियों की छात्र सभा में कक्षा अध्यापकों की देखरेख में बाल संसद का गठन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं के सर्वाधिक मत मिलने पर कक्षा 8 की छात्रा कविता कुमारी को प्रधानमंत्री व कक्षा 8 के ही छात्र देवकीनंदन को शिक्षा मंत्री निर्वाचित किया गया। जबकि छात्रा भारती बघेल को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा कक्षा 7 के जोगिंदर सिंह को जल एवं पर्यावरण मंत्री चुना गया। इसी प्रकार सांस्कृतिक मंत्री के रूप में अमृता कुमारी, खेल मंत्री के पद पर दिव्या पाल तथा बागवानी मंत्री के रूप में विवेक कुमार को चुना गया।

कक्षा बार पांच पांच विद्यार्थियों के स्वच्छता स्काउट दल बनाए गए इनमें से प्रत्येक कक्षा में एक छात्र को दल नायक के रूप में चुना गया।

# नेत्रदान महादान : डॉ.श्रॉफ चेरिटी आई हॉस्पिटल ने निकाली जागरूकता रैली

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** डॉ श्रॉफ चैरिटी ऑई हॉस्पिटल अलवर द्वारा एक विशाल जन जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें जिला अस्पताल व नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने इस रैली में अपना योगदान दिया लगभग 300 से 400 लोगों ने इस रैली में हिस्सा लिया तथा जन-जन तक नेत्रदान से संबंधित जानकारी पहुंचाने का प्रयास किया। नेत्रदान से संबंधित भ्रांतियां को दूर करने के लिए जन-जन को जागरूक करने का अथक प्रयास डॉ श्रॉफ आई हॉस्पिटल द्वारा किया जा रहा है तथा अब तक लगभग 300 से ज्यादा लोगों को नेत्रदान से प्राप्त कॉर्निया ट्रांसप्लांट कर लोगों के जीवन में उजाला किया है श्रॉफ आई हॉस्पिटल की टीम सदैव सेवा कार्यों में तत्पर रहती है तथा सामाजिक कार्यों में उनकी एक अलग पहचान है।

# अखिल भारतीय गुर्जर महासभा धौलपुर के पदाधिकारियों के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन

### मृतक भैरों सिंह पोसवाल को शहीद का दर्जा व परिवार को सरकारी नौकरी एवं एक करोड़ राशि मुआवजे की मांग

बढ़ता राजस्थान



**बसेड़ी/धौलपुर ( नि.स. )।** उपखंड बसेड़ी के गांव तामोटी निवासी भैरों सिंह पोसवाल गत दिनांक 24/08/2024 को तहसील परिसर स्थित कचहरी में काम कर रहा था तो सूचना मिली कि एक युवक पार्वती नदी भूतेश्वर पर स्थित एनीकट में डूब रहा है तो तुरंत बिना विलम्ब किये भैरों सिंह पोसवाल पार्वती नदी की तरफ दौड़ पड़े और पानी में डूब रहे दिनेश जाटव को बचाने के लिए पानी में कूद पड़े और दिनेश जाटव को गहरे पानी से बाहर निकालने में सफल रहे लेकिन खुद गहरे पानी में फंस गये और डूब गये और डूबने से भैरों सिंह पोसवाल की मृत्यु हो गई। भैरों सिंह पोसवाल ने जो साहसिक कार्य किया है उसके लिए उनको मरणोपरांत शहीद का दर्जा देकर सम्मानित किया जाये एवं परिजनों में से किसी एक को सरकारी नौकरी दी जाये और मुआवजे के तौर पर एक करोड़ रुपए की राशि प्रदान की जाये ।पूर्व में भी राज्य सरकार द्वारा साहसिक कार्य करने वाले व्यक्तियों को सरकारी नौकरी एवं मुआवजा प्रदान किये जा चुके हैं । इस दौरान ज्ञापन देते समय सैकड़ों व्यक्ति मौजूद रहे।

# पुत्र ने किये अपनी माता के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** शहर अलवर में केशव नगर, प्रताप बास, निवासी फूल देवी पत्नी स्वर्गीय श्री किशन लाल अलवर के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के शाखा अध्यक्ष आर एस वर्मा ने बताया कि उनके पुत्र संतोष सैनी ने अपनी माता जी के नेत्रदान के लिए डा0 श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर को फोन करके सूचित किया। डा. श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र संतोष सैनी ने अपनी माता जी की अंतिम इच्छा अनुसार उनके 'नेत्रदान' कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

# उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रत्येक जिले में होगा इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन

बढता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** प्रदेश में उद्योग-धंधों को बढ़ावा देने व इसके लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस वर्ष राज्य के प्रत्येक जिले में एक अक्टूबर से दस नवम्बर तक इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का नेतृत्व संबंधित जिले के कलेक्टर करेंगे। समिट के अंतर्गत जिला उद्योग व वाणिज्य केन्द्रों एवं रीको के स्थानीय अधिकारियों के सहयोग से निवेश के प्रस्ताव तैयार कराये जायेंगे। जिलेवार कार्यक्रम पूरे हो जाने के पश्चात जयपुर में नौ से ग्यारह दिसम्बर तक तीन दिवसीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का मुख्य आयोजन होगा। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त आयुक्त एस एस शाह द्वारा जारी इस आशय के एक प्रपत्र के अनुसार इस संबंध में विभाग की ओर से शीघ्र ही एक विस्तृत कार्यक्रम जारी किया जायेगा। इस कार्यक्रम में राज्य की नवीन नीतियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में उद्यमियों को जानकारी दी जाएगी। समिट में नए निवेशकों हेतु प्रस्तावित निवेश के संबंध में जिला स्तर पर एमओयू की व्यवस्था की जा रही है। समिट में जिले के प्रभारी मंत्री व प्रभारी सचिव के साथ कृषि, खनन, यूडीएच, पर्यटन, शिक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, राजस्व, ऊर्जा, श्रम व कौशल विभाग आदि सभी प्रमुख विभागों की भागीदारी रहेगी।

# कोतवाली पुलिस ने पकड़े मोबाईल टावरों से चोरी करने वाले दो चोर.

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी( राजू शर्मा)। शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए मोबाइल टावरों से सामान चोरी करने वाले गिरोह के दो चोरों को गिरफ्तार किया है। चोरों के कब्जे से पुलिस ने टावरों पर लगने वाली दो आरआरबी मशीन भी जप्त की है। गिरफ्त में आए चोरों के खिलाफ थाने पर दर्ज मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है। कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर राहुल प्रकाश के निर्देश पर धौलपुर एसपी सुमित महेरड़ा द्वारा सभी थानों को थाना क्षेत्र में लगाए गए विभिन्न कंपनियों के टावरों से हुए सामान चोरी के मामले में आरोपी चोरों की तलाश करने के निर्देश दिए हैं।

# भव्य धर्मसभा एवं सनातनी महाकुंभ में पहुंचे सैकड़ों सनातनी

# धर्मांतरित हिंदुओ की घर वापसी सुनिश्चित करेंगे : नीरज दौनेरिया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार सांय भव्य धर्मसभा एवं सनातनी महाकुंभ का आयोजन किया गया।जिसको बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने संबोधित करते हुवे कहाकि वीएचपी हिंदू जीवन मूल्यों की रक्षा और पुनर्स्थापन के लिए प्रतिबद्ध है।60 साल पहले वीएचपी का गठन इसी उद्देश्य के लिए हुआ था।इसका संकल्प पूरा किया जा रहा



है।अयोध्या में राममंदिर निर्माण का संकल्प पूरा हुआ है।नीरज दौनेरिया ने कहाकि धर्मांतरित हिंदुओं की घर वापसी सुनिश्चित करने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।धर्मसभा में संत अनुजदास महाराज,सेवानिवृत्त शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर तुलछीय,दुर्गा



वाहिनी क्षेत्रीय संयोजिका लता पांडिया,वीएचपी विभाग मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष मनोज सोनी,उपाध्यक्ष दिलीप बारेगामा, रमेश कोदली आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे। संचालन बजरंग दल जिला सहसंयोजक रोहित सिंह राजपूत एवं वीएचपी प्रखंड मंत्री गोपालकृष्ण काबरा ने किया।इससे पूर्व बजरंग दल राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया व संत अनुजदास महाराज के हाथो सांवलियाजी चौराहा पर 51 फीट के भगवा ध्वज को फहराकर वाहन रेली के साथ मुख्य मार्ग से पांचबत्ती चौराहा,महाराणा प्रताप चौराहे से एसआर वाटिका पहुंचे।वाहन रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।दौनेरिया ने महाराणा प्रताप के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण करने के साथ प्रणाम व नमन किया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर चैतन्य भारत दौड़ का आयोजन

### अतिरिक्त जिला कलक्टर ने फिट इण्डिया की शपथ दिलाई



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़( नि.स. )।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर चैतन्य भारत दौड़ का आयोजन किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर राकेश कुमार ने इंदिरा गांधी स्टेडियम से खिलाड़ीयों को फिट इण्डिया की शपथ दिलाई और दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ इंदिरा गाँधी स्टेडियम से रवाना होकर कलक्ट्रेट चोराया, रेल्वे स्टेशन, प्रताप नगर चोराया, कलक्ट्रेट आवास, बाई पास होते हुए पुन: इंदिरा गाँधी स्टेडियम पहुंची।

प्रात: कालीन सत्र में हुई चैतन्य भारत दौड के सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान बंशी लाल मीणा, द्वितीय स्थान रोहित प्रजापत, तृतीय स्थान सूरज सिंह राजपुत ने प्राप्त किया एवं जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान मानव कुमार माली, द्वितिय स्थान विशाल राज, तृतीय स्थान चांद सिंह राजपुत ने प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ीयों को क्रमश: 2100रू, 1100रू, 500रू की पुरूस्कार राशि प्रदान की गयी। चैतन्य भारत दौड़ एवं हॉकी में कुल 300 खिलाड़ीयों का पंजियन किया गया।

इस अवसर पर राम रतन गुर्जर अधिकारी जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र चित्तौड़गढ़ ने सभी का स्वागत किया एवं राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा दिनांक 26 से 31 अगस्त तक चल रहे खेल सप्ताह की जानकारी दी। क्रीड़ा भारती चित्तौड़गढ़ प्रांत के संयोजक अनिरूद्ध सिंह भाटी ने चैतन्य भारत दौड़ के आयोजन पर प्रकाश डाला। उन्होंने अवगत कराया यह आयोजन आज खेल दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण भारत में किया जा रहा है। समारोह की अध्यक्षता रतन लाल मारू सेवानिवृत्त महाविद्यालय प्राचार्य एवं बैडमिन्टन अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी (वैटनर्स) ने की । विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार दशोरा जी एवं पेट्रोल पंप ऐसोसिएशन के अध्यक्ष सेवा निवृत कर्नल रणधीर सिंह बस्सी जी उपस्थित रहे।

गत तीन दिनो से चल रहे खेल सप्ताह में बैडमिन्टन, रस्सा-कस्सी, टेनिस बॉल क्रिकेट एवं हॉकी खेलों के विजेता खिलाड़ियों को खेल दिवस के दिन सांयकालीन सत्र में चल रही हॉकी प्रतियोगिता के पश्चात पुरूस्कृत किया जायेगा।

## मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर

### चिकित्सा विभाग की 130 टीमों ने 1000 घरों में 4500 व्यक्तियों का सर्वे किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिये अलर्ट मोड पर है। क्षेत्र में गुरुवार को डॉ. मुकेश विजयवर्गीय उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा निरीक्षण कर खण्ड की तैयारियो का जायजा लिया गया। साथ ही पीएचसी सिंहपुर का निरीक्षण कर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये।इस दौरान कपासन उपखण्ड के कल्याणपुरा गांव में पहुंचकर मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिये रोग निरोधात्मक गतिविधियो का सत्यापन एवं कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के अंतर्गत घर-घर सर्वे,मार्किंग व प्रचार-प्रसार आदि गतिविधियो का निरीक्षण किया गया।

ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक विष्णु कुमार भदादा ने बताया कि मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कपासन डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा के निर्देशन में गुरुवार को कुष्ठ रोग खोज अभियान में 130 चिकित्सा विभाग की टीमों एवं 26 सुपरवाइजर द्वारा 1000 घरों में 4500 व्यक्तियों का सर्वे किया गया।उक्त अभियान का संचालन 28 अगस्त से 11 सितं. तक किया जायेगा। जिसमे कुष्ठ रोग के रचित व्यक्तियों का खोज कर उपचार किया जायेगा।

## अटल भू-जल योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़( नि.स. )।** कार्यालय उपनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा के सभागार परिसर, चितौड़गढ़ में गुरुवार को सिंचाई प्रबन्धन एवं प्रशिक्षण संस्थान कोटा (आई.एम.टी.आई. कोटा) एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई चितौड़गढ़ (डी.पी.एम.यू. चितौड़गढ़) के तत्वधान में अटल भू-जल योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम कि विस्तृत रूपरेखा एवं संचालन शैलेन्द्र धारगवे अधीक्षण भू जल वैज्ञानिक भू जल विभाग उदयपुर, द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भू जल विभाग चित्तौड़गढ से डॉ शुभेन्द्र पाल सिंह नोडल अधिकारी, एवं कुनाल लिग्री सहायक नोडल अधिकारी अटल भू जल योजना चित्तौड़गढ, सत्य नारायण जीनगर जल संसाधन विभाग चित्तौड़गढ एवं सहयोगी विभाग के अधिकारियों एवं चितौड़गढ़ पंचायत समिति की 40 ग्राम पंचायतो के ग्राम विकास अधिकारियों एवं कनिष्ठ सहायको ने उक्त प्रशिक्षण मे भाग लिया।

## मौसमी बीमारियों के प्रकोप तले उपजिला चिकित्सालय कपासन पर मरीजों की लग रही लंबी-लंबी कतारें

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** क्षेत्र में बरसाती सीजन के साथ ही मौसमी बीमारियों ने भी तेजी से अपने पैर पसारने शुरू कर दिए है।जिसके तहत उपखंड मुख्यालय स्थित उपजिला चिकित्सालय केंद्र पर प्रतिदिन सैकड़ों मरीज चिकित्सकीय परामर्श के साथ उपचार ले रहे है।यहां नगर एवं उपखंड क्षेत्र के ग्रामीणों सहित महिला,पुरुष,बच्चे,बुजुर्ग सभी कतारबद्ध उपचार हेतु अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई देते है।क्षेत्र में विगत दिनों से हो रही बारिश के साथ-साथ मौसमी बीमारियों ने भी तेजी से अपने पैर पसारे है।जिससे क्षेत्र में लगातार मौसमी बीमारियो से ग्रसित मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। गोरतलब है की उपजिला चिकित्सालय केंद्र कपासन पर मौसमी बीमारियों के प्रकोप तले बुखार,सर्दी,जुकाम,खांसी,पेट दर्द,उल्टी,दस्त इत्यादि बीमारियो से ग्रसित सैकड़ों मरीजो को आवश्यक परामर्श के साथ डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा व डॉ. सुग्रीव मीणा आदि चिकित्साकर्मियों द्वारा गुरुवार को उपचार लाभ प्रदान किया गया।

इधर मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कपासन डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा ने दैनिक बढ़ता राजस्थान संवाददाता को संपर्क में बताया कि मौसम में अचानक परिवर्तन होने एवं बरसाती सीजन



के चलते मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ता है।ऐसे में आमजन को स्वच्छता एवं खानपान का विशेष ध्यान रखने की महत्ती आवश्यकता है।साथ ही अपने घर व प्रतिष्ठानों के आसपास गंदा पानी जमा नही होने देवे तथा मच्छरों से पूर्णतया बचाव करे। चिकित्सा अधिकारी डॉ. शर्मा ने कहाकि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या होने पर समीपवर्ती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर चिकित्सकीय परामर्श के साथ ही उपचार लाभ लेवे।

## नहर में डूबे तैराक को 25 फीट गहराई से निकाला

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शहर के किशोरपुरा थाना इलाके में दायीं मुख्य नहर में एक युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक अच्छा तैराक था। बुधवार रात को उसकी चप्पल, कपड़े व बाइक नहर किनारे मिली थी। जिसके बाद निगम की गोताखोर टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाया। आज सुबह 11 बजे 25 फीट गहराई से बाहर निकाला। मृतक हंसराज कश्यप (33) कोटड़ी, भोई मोहल्ले का निवासी था। मृतक की बड़ी मां गोदावरी के अनुसार हंसराज बुधवार सुबह 11 बजे बजे घर से निकला था। हंसराज रोज मछली पकड़ने जाता था। रात 9 बजे तक घर नहीं लौटा तो उसे तलाश करना शुरू किया। पुलिस को सूचना दी। उसके कपड़े, चप्पल व बाइक नहर किनारे मिली। गुरुवार सुबह निगम के गोताखोर रेस्क्यू के लिए आए। गोताखोरों ने उसे नहर से बाहर निकाला। हंसराज के दो बच्चे है। हंसराज अच्छा तैरना जानता था। संभवतया पैर फिसलने से नहर में डूब गया। किशोरपुरा थाना एएसआई विष्णु कुमार के अनुसार हंसराज नहर में कूदकर पैसे व मछली निकालता रहता था। बुधवार को शाम 6-7 बजे आरपीएस कॉलोनी की तरफ नहर में कूदा होगा, जो गहराई में जाकर कहीं अटक गया ओर बाहर नहीं निकल सका। शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है। परिजनों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## श्रीकृष्ण नंदोत्सव एवं छप्पन भोग का कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** अहिल्या शाखा द्वारा संस्कृति सप्ताह का समापन शाखा सदस्यों द्वारा श्रीकृष्ण जन्म की खुशी में नंद उत्सव एवं छप्पन भोग लगाकर निजी होटल पर मनाया गया। इस अवसर पर अहिल्या शाखा सदस्य कृष्ण, राधा , यशोदा मईया, नंद बाबा, गोपियां के रूप में आए। सदस्यों ने कृष्ण राधा के रूप में यशोदा कान्हा की नटखट लीलाएं नृत्य के रूप मे प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में जन्मोत्सव की बधाइयां बाटी गई एवं छप्पन भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुष्पांजलि विजय, प्रांतीय सह सचिव प्रियंका सैनी एवं प्रांतीय प्रकल्प सह प्रभारी गिरजेश विजय उपस्थिति रही । सभी ने भक्ति भाव से भजन कीर्तन एवं नृत्य करते हुए उत्सव का आनंद उठाया।

## चैतन्य भारत दौड़ में 1050 महिला पुरूष धावकों ने लगाई दौड

### कई प्रदेशों से आए धावक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** क्रीड़ा भारती कोटा द्वारा आयोजित चैतन्य भारत दौड़ में राजस्थान, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित अन्य कई राज्यों के युवाओं के साथ साथ बुजुर्गो ने भी पूर्ण उत्साह एवं जोश के साथ भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक सोनिया राठौर ने बताया कि इस दौड़ में लगभग 1050 महिला एवं पुरुषों ने भाग लिया।

क्रीड़ा भारती कोटा द्वारा महिला और पुरूष वर्ग में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे सभी धावकों को शील्ड व 5100, 2100, 1100 का नकद पुरस्कार के साथ साथ सभी धावकों को निशुल्क टी शर्ट, मैडल एवं रिफेर्समेंट किट निशुल्क वितरित की गई।

पुरुष वर्ग दौड़ में प्रथम स्थान पर बाबू लाल जयपुर से, द्वितीय स्थान पर विजय उत्तरप्रदेश से, तृतीय स्थान पर मनीष नायक कोटा से एवं महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर चतरू बाड़मेर, द्वितीय स्थान पर सपना रघुवंशी भोपाल एवं तृतीय स्थान पर वंदना



बूंदी से रही।

इस अवसर पर कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम कोटा उत्तर लव शर्मा एवं सतीश गुप्ता विशेषाधिकारी शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार ने झंडी दिखाकर दौड़ को प्रारम्भ किया। भाटिया एंड कंपनी से प्रेम भाटिया ने महिला वर्ग का एवं धनलक्ष्मी ग्रुप से महावीर नायक उर्फ बिल्लू ने अपनी ओर से नकद पुरस्कार और ताराचंद गोयल, अंकित मोशन कोचिंग, कुलदीप माथुर, शंकर सिंह, के पी सिंह, युवराज सुवालका पार्श्वनाथ ग्रुप, डा. दिनेश मालिक आजाद एग्रो,शिक्षा सहकारी 696 कोटा, आदि भामाशाहों ने अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया। इस दौड़ को सफल बनाने के लिए प्रान्त मंत्री सहित जिला कार्यकारिणी के अन्य सभी सदस्यों के साथ उपस्थित रहकर समस्त तैयारियों को अंजाम दिया। रष्ट्रीय हॉकी कोच गोपाल शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए ध्यानचंद के पौत्र अशोक ध्यानचंद का क्रीड़ा भारती कोटा के लिए शुभकामना संदेश पड़ते हुए ध्यानचंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। अंत में कार्यक्रम संयोजक सोनिया राठौर ने सभी आगन्तुक अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर छात्रों के खेल मैदान को अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए एबीवीपी का पूरे जिले मे प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़( नि.स. )।** जिला संयोजक अंकित देव गुर्जर ने बताया की झालावाड़ नगर के स्कूल के खेल मैदान पर कई वर्षों से अतिक्रमण कर रखा है प्रशासन को कई बार दस्तावेज सहित अवगत कराने के बाद भी अतिक्रमण पर कार्यवाही नही करने के विरोध में एबीवीपी ने पूरे जिले में तहसील केंद्रों पर प्रदर्शन किया । एबीवीपी झालावाड़ नगर के कार्यकर्ताओं ने न्यू ब्लॉक स्कूल के खेल मैदान पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर जिला प्रशासन का पुतला फूंका ।

नगर सहमंत्री ललित नागर मूण्डला ने बताया की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झालावाड़ के खेल मैदान पर लंबे समय से अतिक्रमण कर रखा है, जिसको लेकर एबीवीपी और समाजसेवियों ने पूर्व में भी जिला प्रशासन और सरकार के नाम ज्ञापन देकर मामले से अवगत करा रखा है लेकिन प्रशासन अतिक्रमण माफियाओं पर कार्यवाही की जगह कही ना कही उन्हें सरंक्षण देने का



काम कर रहा है, अतिक्रमण माफियाओं द्वारा खेल मैदान पर पक्का निर्माण करवा कर के खेल मैदान की आड़ में अपनी गतिविधियां वर्तमान में संचालित कर रहें हैं,लेकिन किसी भी प्रकार का राजस्व अभी तक स्कूल को नही दिया है जिससे स्कूल को करोड़ो रुपए के राजस्व की हानि अभी तक हुई है,अभी तक कार्यवाही ना होने के कारण बुधवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने मूर्ति चौराहे पर जिला प्रशासन का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया और अतिक्रमण हटाने की मांग की और चेतावनी दी की अभी अगर प्रशासन अतिक्रमण माफियाओं के ऊपर कार्यवाही नहीं करता हैं तो एबीवीपी आगे बड़ा आंदोलन इसके लिए करेगी। ज्ञापन देने वालों में रामस्वरूप लोधा, निखिल गुर्जर,आशीष नागर,इन्द्रराज गुर्जर ,रोहित धाकड़ ,हर्षित जैन ,हरीश गुर्जर , हेमंत ,प्रवीण कुमार, अर्पित कश्यप, राहुल मेहरा,मनीष पांचाल , अक्षर,सुरेंद्र सिंह,निलेश आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हार्ट अटैक से 27 साल के इंजीनियर की मौत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शहर में 27 साल के इंजीनियर की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह खाना खाने के बाद वॉक कर रहे थे। इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें लेकर हॉस्पिटल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मामला शहर के महावीर नगर विस्तार योजना का बुधवार रात 10 बजे का है। वह आरएएस एग्जाम की तैयारी कर रहे थे।

महावीर नगर थाना पुलिस के अनुसार आनंद गौतम रात करीब 10 बजे वॉक करने निकले थे। इसी दौरान अपने चाचा राजेंद्र गौतम के घर में छत पर बने टॉयलेट में फ्रेश होने गए। वहां उन्हें घबराहट होने लगी। पसीना आने लगा। आनंद ने पिता महेंद्र गौतम को मोबाइल फोन से कॉल कर तबीयत खराब होने की जानकारी दी। परिवार के लोग राजेंद्र के घर पहुंचे और आनंद को प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए। डॉक्टर ने साइलेंट अटैक से मौत होना बताया। परिवार के लोगों ने बताया कि आनंद को कोई बीमारी नहीं थी।

जयपुर में की थी आरएएस की कोचिंग कोटा से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद आनंद ने आरएएस एग्जाम की तैयारी शुरू की थी। उन्होंने जयपुर में रहकर एक कोचिंग सेंटर से आरएएस प्री की तैयारी की थी। पांच महीने पहले वह कोटा लौट आए। यहां घर पर रहकर तैयारी कर रहे थे।

## दुर्घटना में राष्ट्रीय पक्षी मोर की मृत्यु पर वन विभाग द्वारा सम्मानपूर्वक दाह संस्कार किया

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** गुरुवार को रेलवे प्रशासन द्वारा वन विभाग को अवगत कराया की ट्रेन से टकराने की वजह से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मृत्यु हो गई है ।

सूचना पर विभाग द्वारा शव को कब्जे में लेकर वन विभाग पशुपालन विभाग से टीम गठित कर सबका पोस्टमार्टम करा कर वन्य जीव प्रेमियों के साथ राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें वन विभाग से रेंजर राजेंद्र चौधरी, मांगीलाल मीणा, पशुपालन विभाग से डॉक्टर ओ पी मेहरा, डॉ दीपाराम, डॉ अब्दुल कादिर, हेमंत जोशी,विजय आमेटा, रामनिवास वन्य जीव प्रेमी उपस्थित थे।

## अंता देहात मंडल की सदस्यता अभियान कार्यशाला सम्पन्न, मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कंवरलाल मीणा ने की शिरकत

### सदस्यता अभियान को पर्व के रूप में मनाएंगे : विधायक कंवरलाल मीणा

बढ़ता राजस्थान

**अंता (नि.स.)।** सदस्यता अभियान को लेकर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी अंता देहात मंडल की सदस्यता अभियान की कार्यशाला चमन रिसोर्ट में आयोजित हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अंता मांगरोल विधायक कंवरलाल मीणा रहे।इस दौरान कार्यकर्ताओ को हर बूथ पर अधिक से अधिक सदस्य बनाने के लिए प्रेरित किया और सदस्य बनाने की संपूर्ण जानकारी दी गयी। विधायक कंवरलाल मीणा ने कहा कि मंडल में सभी भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूरी तत्परता



से सदस्यता अभियान को एक पर्व के रूप में अंजाम देंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी को इस सदस्यता अभियान से और अधिक विस्तार दिया जाएगा इसी के साथ विधायक कंवरलाल मीणा ने सीसवाली, मांगरोल ओर कोयला मंडल के सदस्यता अभियान की कार्यशाला में मुख्य अथिति के रूप में भगा लिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष नंदलाल सुमन ने कहा कि बूथ लेवल का कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है और इस सदस्यता अभियान से पार्टी को ओर अधिक मजबूत बनाया जायेगा। अंता सदस्यता अभियान प्रभारी दिलीप शर्मा काचरी,प्रधान प्रखर कौशल सदस्यता अभियान के जिला सह संयोजक बद्रीप्रसाद मेघवाल, योगेन्द्र नामा (हम्पी),देहात मंडल अध्यक्ष राहुल नागर पूर्व प्रधान शिवराज सिंह जी नागदा, किसान मोर्चा अध्यक्ष मुकेश धाकड़ मौजूद रहे।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# जयपुर के जवाहरनगर में निर्माणाधीन इमारत गिरी

## गाड़ियां दबीं, अफरा-तफरी मची; इलाके की बिजली सप्लाई बंद की






बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर के जवाहर नगर शॉपिंग सेंटर में गुरुवार रात 8.26 बजे एक निर्माणाधीन इमारत अचानक गिर गई। अशोक जूस सेंटर के ऊपर इस इमारत का निर्माण कार्य चल रहा था। गुरुवार को इमारत की दीवार में दरार आ गई थी। अचानक रात को धराशायी हो गई। इलाके की बिजली सप्लाई बंद कर दी गई है। मलबे में दबने से कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई। बड़ी संख्या में पुलिस जाब्ता भीड़ को काबू करने के लिए मौके पर तैनात किया गया है।

इस हादसे के दौरान इमारत में कितने लोग मौजूद थे, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। अचानक हुए इस हादसे के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मौके पर राहत कार्य शुरू कर दिया गया है। सिविल डिफेंस और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं। फिलहाल जेसीबी की मदद से मलबा हटाने की तैयारी की जा रही है। स्थानीय दुकानदार आदित्य ने कहा कि नगर निगम अधिकारियों की अनदेखी की वजह से यहां पिछले 1 साल से नियमों के विपरीत निर्माण कार्य जारी था। दो मंजिला इमारत बनाई जा रही थी, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ है। स्थानीय निवासी राकेश ने बताया कि यहां जूस और कोल्ड ड्रिंक की दुकान थी, उसके नीचे न जाने कितने बच्चे दबे हुए हैं। इसकी अब तक कोई पुष्टि नहीं हो पाई है।

## कवि-कलाकार शैलेश लोढ़ा के पिता का निधन : बेटे ने आंखें दान करने का फैसला लिया; पोस्ट की- आंसुओं की भाषा होती तो कुछ लिख पाता

बढ़ता राजस्थान



**जोधपुर ( नि.स. )।** टीवी सेलिब्रिटी और कवि शैलेश लोढ़ा के पिता श्याम सिंह लोढ़ा का गुरुवार को लंबी बीमारी के बाद 2 बजे निधन हो गया। वे पिछले करीब डेढ़ महीने से बीमार चल रहे थे। जानकारी के अनुसार उनकी दोनों किडनियां खराब थीं। ऐसे में 1 सप्ताह में 3 बार डायलसिस किया जाता था।उनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा था। इसके चलते शैलेश लोढ़ा भी पिछले डेढ़ महीने से जोधपुर में ही थे। निधन के बाद शैलेश ने पिता की आंखें दान की। इसके साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट कहा कहा- जो भी हूं...आप की परछाई हूं.... आज सुबह के सूरज ने जगत तो रोशन किया पर हमारी जिंदगी में अंधेरा हो गया.....पापा ने देह त्याग दी....आंसुओं की भाषा होती तो कुछ लिख पाता.....एक बार फिर से कह दीजिए ना...बबलू

### डेढ़ महीने से जोधपुर में ही थे शैलेश

जानकारी के अनुसार, शैलेश लोढ़ा के पिता पिछले लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। इसके बाद पिछले डेढ़ महीनों से उनकी तबीयत भी ठीक नहीं थी। ऐसे में शैलेश भी मुंबई से शूटिंग छोड़कर जोधपुर में ही रह रहे थे। आज उनके पिता ने निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। शैलेश ने पिता की आंखें दान करने का फैसला लिया। इसके बाद दोपहर को आई बैंक सोसाइटी की टीम बासनी स्थित उनके घर पहुंची। इसके बाद वहीं नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की गई। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह 10 बजे सिवांची गेट शमशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## पॉलीथिन का उपयोग न करें, साफ सफाई अपनायें प्रदेश को स्वच्छ बनाने में करें योगदान : मदन दिलावर



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मदन दिलावर ने गुरुवार को पाली जिला परिषद सभागार में शिक्षा व पंचायती राज विभाग की योजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में बैठक ली। बैठक में शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों से आह्वान किया कि कार्यालयों में पॉलीथिन का उपयोग न करें और ग्राम पंचायतें, पंचायत समिति साफ सुथरी होना सुनिश्चत करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि प्रदेश दो साल में स्वच्छता में देश में नंबर वन बनें। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इसके लिए हम सभी मिलकर प्रयास करें कि हमारा प्रदेश साफ सुथरा हो। उन्होंने कहा कि गंदगी को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बैठक में उन्होंने पंचायती राज विभाग के विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों के प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान की प्रगति की जिला, ब्लॉकवार, विभागवार प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने मातृ वन में किये गए पौधारोपण का प्रजेंटेशन देखा और इसे सराहा। साथ ही उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन में साफ-सफाई, गांव के पानी की निकासी, कचरा संग्रहण, इसके पृथकीकरण और निस्तारण की प्रगति की भी समीक्षा की।

## डॉक्टर्स के खिलाफ एक शब्द नहीं बोला, उन्हें कभी नहीं धमकाया उनका प्रोटेस्ट सही है : ममता

कोलकाता (एजेंसी)

बंगाल सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि उन्होंने प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स को कभी नहीं धमकाया। ममता ने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि कुछ लोग आरोप लगा रहे हैं कि मैंने प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स को धमकाया है। ये सरासर झूठ है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि ममता ने बंगाल के उन जूनियर डॉक्टर्स को धमकाया, जो 21 दिन से हड़ताल पर हैं। ये डॉक्टर्स आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को हुए ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के केस में न्याय की मांग कर रहे हैं। इन्होंने अस्पताल में काम के बेहतर माहौल और सुरक्षा पर भी कदम उठाने की मांग की है। डॉक्टर्स ने 10 अगस्त को हड़ताल शुरू की थी। 27 अगस्त को छात्रों ने नबन्ना मार्च निकाला था। इसमें पुलिस और छात्रों के बीच झड़प हुई थी और कई लोग घायल हुए थे। इस कार्रवाई के विरोध में 28 अगस्त को भाजपा ने बंगाल बंद बुलाया। इसमें भाजपा नेताओं पर फायरिंग हुई, बम फेंके गए और पत्थरबाजी हुई। ममता ने लिखा, मुझे पता लगा है कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया में मेरे खिलाफ गलत खबरें चलाई जा रही हैं।

# राजस्थान में धीमा हुआ मानसून

## अलवर, उदयपुर में बारिश, जयपुर में निकली धूप, अब सितंबर में शुरू होगा तेज बारिश का दौर

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान में पश्चिमी हिस्से को छोड़कर शेष जगहों पर मानसून कमजोर हो गया। जयपुर, भरतपुर, सीकर, चूरू, कोटा, अजमेर, जोधपुर समेत कई जिलों में बुधवार को दिन में धूप भी निकली। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि राजस्थान में 1 सितंबर तक कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। 2 सितम्बर से मानसून फिर से एक्टिव होने और तेज बारिश का नया सेशन फिर से आने की संभावना है। राजस्थान में अब तक सामान्य से 52 फीसदी ज्यादा बरसात हो चुकी है। प्रदेश में 1 जून से 28 अगस्त तक 361.3एमएम औसत बारिश होती है, जबकि इस सीजन में अब तक कुल 549.9एमएम बरसात हो चुकी है। बंगाल की खाड़ी में बना एक नया सिस्टम बन रहा है, जिसके वेस्ट दिशा की तरफ आगे बढ़ रहा है। इस सिस्टम का राजस्थान में 2 सितंबर से असर देखने को मिल सकता है। पूर्वी राजस्थान के कोटा, उदयपुर, भरतपुर, जयपुर और अजमेर संभाग के जिलों में 2 सितम्बर से तेज बारिश का दौर शुरू हो सकता है।

### अलवर, उदयपुर में बारिश, जयपुर में धूप

पिछले 24 घंटे में अलवर, उदयपुर, सिरोही, जालोर और बाड़मेर के एरिया में हल्की से मध्यम बारिश हुई। अलवर के रामगढ़ एरिया में 39, बहादुरपुर में 34एमएम बरसात दर्ज हुई। इधर जयपुर, दौसा, अजमेर समेत कई जिलों में धूप रही। जयपुर में धूप निकलने से उमस और गर्मी भी बढ़ी। 30 और 31 अगस्त को स्थानीय स्तर पर प्रदेश में अलग-अलग जगहों पर हल्की बारिश होने की संभावना है, जबकि अधिकांश जगहों पर मौसम साफ रह सकता है।

## अडाणी फैमिली देश में सबसे अमीर, अंबानी को पीछे छोड़ा

### हुरुन इंडिया रिच लिस्ट में वैल्थ 11.62 लाख करोड़, एक साल में संपत्ति 95% बढ़ी



**मुंबई( एजेंसी )।** अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी और उनके परिवार की कुल संपत्ति एक साल में 95% बढ़कर 11.62 लाख करोड़ रुपए हो गई। अडाणी परिवार ने अपनी टोटल वेल्थ में पिछले एक साल में 5,65,503 करोड़ रुपए का इजाफा किया है। अडाणी फैमिली ने अंबानी परिवार को पीछे छोड़कर देश की सबसे धनवान फैमिली बन गई है। अंबानी परिवार की संपत्ति 10.15 लाख करोड़ रुपए है। एक साल में इसमें 25% की बढ़ोतरी हुई है। हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 के मुताबिक, हिंडनबर्ग के आरोपों के बाद भी गौतम अडानी एंड फैमिली ने पिछले साल की तुलना में संपत्ति में 95% की ग्रोथ हासिल की। एलसीएल के मालिक शिव नाडार एंड फैमिली 3.14 लाख करोड़ रुपए और सीरम इंस्टीट्यूट के मालिक साइरस एस. पूनावाला एंड फैमिली 2.90 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ लिस्ट में तीसरे और चौथे नंबर पर हैं।

### लिस्ट में पहली बार शाहरुख-ऋतिक की एंट्री

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान 7,300 करोड़ रुपए वेल्थ के साथ पहली बार इस लिस्ट में शामिल हुए। शाहरुख की संपत्ति बढ़ोतरी आईपीएल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स में उनके स्टेक से हुई है। शाहरुख रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के मालिक हैं, इसी कंपनी ने उनकी फिल्म डंकी, जवान और डार्लिंग्स को प्रोड्यूस किया। उनकी संपत्ति में बढ़ोतरी इन फिल्मों की सफलता के चलते भी हुई है। शाहरुख के अलावा इस लिस्ट में 4,600 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ जूही चावला, 2,000 करोड़ रुपए की वेल्थ के साथ ऋतिक रोशन, अमिताभ बच्चन और फैमिली का 1,600 करोड़ रुपए और करण जौहर 1,400 करोड़ रुपए भी शामिल हुए हैं।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में 3 आतंकी ढेर

श्रीनगर (एजेंसी)



जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सेना ने 3 आतंकियों को मार गिराया है। इनमें दो टेररिस्ट माछिल और एक तंगधार में मारा गया। अभी मारे गए आतंकियों के शव बरामद नहीं हुए हैं। सेना ने बताया कि माछिल और तंगधार में 28-29 अगस्त की देर रात खराब मौसम के बीच संदिग्ध गतिविधि देखी गई। इसके बाद यहां सेना और पुलिस ने सर्चिंग शुरू की। इस दौरान मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों जगह अभी भी सर्चिंग जारी है। तीसरा सर्च ऑपरेशन राजौरी में चल रहा है। यहां बुधवार को 2 से 3 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि 28 अगस्त की रात 9:30 बजे गांव खेरी मोहरा लाठी और दांथल इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। तलाशी के दौरान देर रात करीब 11:45 बजे आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी हुई। इंटेलिजेंस ने 27 अगस्त को आर्मी को जानकारी दी थी कि करना सेक्टर और माछिल सेक्टर के कुमकडी में घुसपैठ हो सकती है। इसके बाद दोनों जगहों पर आर्मी और जम्मू-कश्मीर पुलिस की टुकड़ियां भेजी गई थीं। बुधवार (28 अगस्त) को कुमकडी में सुरक्षाबलों ने सुबह 7.30 बजे के आसपास फायरिंग की।

## जयपुर में परिचित ने किया विवाहिता से रेप

जयपुर (बढ़ता राजस्थान)

जयपुर में एक परिचित युवक के नशीली चाय पिलाकर विवाहिता से रेप करने का मामला सामने आया है। अश्लील वीडियो बनाकर आरोपी ने ब्लैकमेल कर उसके साथ रेप किया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

## राजस्थान में नवाचार से आकर्षित होंगे देशी-विदेशी पर्यटक : उपमुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को गोवा की राजधानी पणजी में पश्चिमी और मध्य राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के पर्यटन मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में राजस्थान में पर्यटन के क्षेत्र में नवाचार, पर्यटकों की सुविधा बढ़ाने, सांभर और खींचन को विकसित करने, धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ाने जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने इस अवसर पर कहा कि राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाने के लिए पर्यटन के ढांचागत विकास विकास का कार्य सघनता से किया जा रहा है। मंदिरों और धार्मिक स्थलों का नवीनीकरण किया जाएगा, जिसमें मरम्मत, आगंतुक सुविधा में वृद्धि और पहुंच में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य इन स्थलों के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को संरक्षित करना और पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करना है। उपमुख्यमंत्री ने केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय के निरंतर समर्थन और प्रोत्साहन के लिए भी अपनी कृतज्ञता व्यक्त की जिसने राजस्थान में पर्यटन के विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान और पर्यटन एक दूसरे के पर्याय हैं। जीवन, संस्कृति, विरासत, कला, शिल्प, विविध भूभाग, किले, महल, रेगिस्तान, पहाड़ियाँ, बाघ पार्क, अभयारण्य सब कुछ राजस्थान की विशेषता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान 9 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों का घर है। यह राज्य छह विश्व प्रसिद्ध पहाड़ी किलों सहित 4 राष्ट्रीय उद्यान और 25 से अधिक वन्यजीव अभयारण्यों के साथ एक समृद्ध सांस्कृतिक और वन्य जीवन अनुभव प्रदान करता है। राज्य में थार रेगिस्तान से लेकर हरे-भरे अरावली पर्वतमाला के विविध परिदृश्य, लोक संगीत और नृत्य की समृद्ध परंपराएं, मसालेदार और विविध व्यंजनों का स्वाद और गर्मजोशी भरे आतिथ्य का अनुभव है जो इस क्षेत्र की विशेषता है। राजस्थान पर्यटन के सभी प्रकार के यात्रा कार्यक्रम और बजट वर्गों को पूरा करता है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि विकसित राजस्थान के लक्ष्य के साथ अब हम राज्य को एक प्रमुख वैश्विक गंतव्य में बदलना चाहते हैं। हम अंतरराष्ट्रीय आयोजनों को बढ़ावा देने के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और सुविधाओं का विकास कर रहे हैं। इस वर्ष के बजट में, हमने राजस्थान पर्यटन अवसंरचना और क्षमता निर्माण कोष (आरटीआईसीएफ) बनाया है और हमारा लक्ष्य पर्यटन अवसंरचना, आधुनिक सुविधाओं, पर्यटन सूचना केंद्रों और आतिथ्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों को उन्नत करने में 5000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करना है। मंदिरों, बावड़ियों और संग्रहालयों सहित विरासत स्थलों के संरक्षण और नवीनीकरण के साथ-साथ विरासत पर्यटन, धार्मिक पर्यटन, ग्रामीण, पर्यावरण और साहसिक पर्यटन पर हमारा विशेष ध्यान है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इको-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योजना सांभर झील और खींचन संरक्षण रिजर्व जैसे प्रमुख प्राकृतिक स्थलों पर केंद्रित है। भारत की सबसे बड़ी अंतर्देशीय नमक झील और एक जैव विविधता हॉट स्पॉट जो अपनी जीवंत राजहंस आबादी और विरासत मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )